लखनऊ, बृहस्पतिवार
19 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 207 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net


आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में सनराइजर्स की अगुआई करेंगे इशान किशन



सरकार के नौ साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री का संबोधन

# राज्य में अब बेहतर हुआ है निवेश का वातावरण : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में

- प्रदेश के पास मंशा और नीति दोनों, तेजी से बढ़े उद्योग
- यहां है सुशासन और बेहतर सुरक्षा, भय का माहौल खत्म
- यूपी में हैं असीम संभावनाएं : सीएम

भाजपासरकार के नौ वर्ष की अवधि को नवनिर्माण का शासनकाल बताया है और कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की पहचान बदलने का काम किया है और अब राज्य विकास की नई गाथा लिख रहा है। योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की सीमाओं पर बनाए गए नौ स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया और नवनिर्माण के नौ वर्ष पुस्तक का विमोचन भी किया। यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के आज 9 साल पूरे हो गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की जनता को बधाई दी और कहा कि यूपी असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है लेकिन यह किन कारणों से पिछड़ा और मोहताज बना रहा, ये आज सबके सामने है। सीएम योगी ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि 9 साल में यूपी की विकास यात्रा तय की है प्रदेश में पहचान का संकट था हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में इस संकट को दूर करने का लक्ष्य प्राप्त किया। साल 2017 के पहले यूपी की आधी आबादी पलायन के लिए मजबूर थी हमने प्रदेश में क़ानून व्यवस्था स्थापित किया। यही कारण है कि अब प्रदेश पूरी क्षमता के साथ विकास की ओर अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह सेवाभाव और सुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था और नौकरियों में पारदर्शिता का अभाव था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में लगभग 2 लाख युवाओं को पुलिस भर्ती के माध्यम से रोजगार दिया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नौ लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट्स से उत्तर प्रदेश देश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। 2017 से पहले जहां सीमित उद्योग थे, वहीं अब 30 हजार से अधिक बड़े उद्योग स्थापित हो चुके हैं।

### शांति और उल्लास से मनाएं सभी पर्व

उन्होंने आगे कहा कि नवरात्री और रमजान का पर्व एक साथ चल रहा है, अलविदा की नमाज और ईद भी आने वाले है लेकिन यूपी में किसी भी प्रकार की कोई अशांति नहीं है। उन्होंने सभी पर्व को शांति और उल्लास से मनाये जाने की बात कही। सीएम ने कहा -सभी पर्व शालीनता से मनाए जा रहे हैं, न कोई भय है, न तनाव, न दंगे का डर और न ही कर्फ्यू का खतरा. यही सुशासन और बेहतर सुरक्षा का प्रमाण है।

### प्रदेश में अब भय का वातावरण खत्म

कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भय का वातावरण समाप्त हो चुका है और नवरात्र तथा रमजान जैसे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौ शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है।

### माँ शैलपुत्री



हिंदू धर्म में नवरात्रि को साधना और भक्ति के लिए काफी पवित्र माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ चैत्र नवरात्रि आरंभ हो रही है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार मां शैलपुत्री को हिमालय की पुत्री हैं, जो हिमालय पर्वतों का राजा हैं।

### रमज़ान मुबारक

इफ्तार बृहस्पतिवार
सुन्नी : 6:19 P.M.
शिया : 6:28 P.M.
सहरी बृहस्पतिवार
सुन्नी : 4:48 P.M.
शिया : 4:42 P.M.

# दिल्ली : इमारत में भीषण आग, नौ की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत

- मृतकों में तीन बच्चे भी

में भीषण आग लग गई। आग की इस घटना में से नौ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि तीन अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से दो ने आग से बचने के लिए राम चौक मार्केट, पलम मेट्रो स्टेशन के पास इमारत से कूदने का प्रयास किया। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन बच्चे मिल हैं। सचिन (29),



अनिल (32) और एक दो वर्षीय लड़की इलाज चल रहा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कॉस्मेटिक शॉप थी। घर के अंदर ही शोरूम बनाया हुआ था। स्थानीय लोगों का दावा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। जब आग लगी, तो घर में रहने वाले सब सो रहे थे। मौके से मिली वीडियो फुटेज में इमारत से धुएं के मोटे बादल उठते और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं, जबकि दमकलकर्मी संकरी गलियों और धुएं से भरे इंटीरियर्स में प्रवेश कर लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि आग को काबू में कर लिया गया है। क्षेत्र को घेर लिया गया है और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। आग के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है, और जांच जारी है। दिल्ली पुलिस के पालम थाने के पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दीवार तोड़ने की भी कोशिश की ताकि दीवार तोड़कर लोगों को बचाया जा सके।

### बहुत तेजी से फैली आग

आग लगने की इस घटना की शुरुआत सुबह हुई, जब ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कॉस्मेटिक की दुकान में आग लगी। आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। आग तेजी से फैली और इमारत के अंदर धुएं का गुबार छा गया। इस कारण अंदर रह रहे लोग बाहर नहीं निकल पाए और मदद के लिए पुकारने लगे।

# इंदौर : ईवी चार्जिंग के दौरान घर जला, आठ मरे

**इंदौर।** इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल

- डिजिलटल लॉक न खुलने से लोग बाहर नहीं निकल सके

रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी हुई थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए घर तक पहुंच गई और अंदर रखे गैस



सिलिंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक तौर पर यह भी माना जा रहा है कि आग के कारण घर में रखे गैस सिलिंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे हादसा और भी भयावह हो गया। जिस मकान में आग लगी वह पुगलिया परिवार का है। इस परिवार में एक कार्यक्रम था। इसकी वजह से कई रिश्तेदार घर पर रूके हुए थे। इसी कारण जनहानि ज्यादा हुई। अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

### आग से फटने लगे सिलिंडर

आग लगने के बाद घर में रखे सिलिंडरों में धमाके शुरू हो गए। पुलिस के अनुसार एक के बाद एक चार सिलेंडर फटे, जिससे मकान का एक हिस्सा ढह गया। जांच में यह भी सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे हुए थे। आग के दौरान बिजली सप्लाई बंद हो जाने से ये लॉक नहीं खुल सके, जिससे अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने में काफी दिक्कत हुई। दरवाजे तोड़कर रेस्क्यू करना पड़ा।

## फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त चार्ज खत्म

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू हवाई यात्रा को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए आदेश के मुताबिक

- घरेलू उड़ानों में एक ही पीएनआर वाले यात्रियों को एक साथ सीट देनी होंगी


एयरलाइंस को हर फ्लाइट में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के देनी होंगी। ये निर्देश घरेलू फ्लाइट्स पर लागू होंगे। इसके अलावा एक ही पीएनआर (बुकिंग रेफरेंस) पर यात्रा करने वाले यात्रियों को एक साथ बिठाया जाएगा, बेहतर होगा कि उन्हें आस-पास की सीटों पर बिठाया जाए। मौजूदा नियमों में यात्रियों के लिए 20 प्रतिशत सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। ये कदम इसलिए उठाए गए हैं क्योंकि एयरलाइंस सीट चुनने समेत कई सर्विसेस के लिए बहुता ज्यादा शुल्क वसूल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी एयरलाइंस सीटें चुनने पर 500 से 1200 रुपए एक्स्ट्रा चार्ज करती हैं।

# राजनीति में कभी 'फुल स्टॉप' नहीं लगता : मोदी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा से आज कई सदस्य रिटायर हो रहे हैं। खाली होने वाली इन सीटों पर कई सदस्य

- राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट पर पीएम बोले- नए सांसदों को सीखना चाहिए

निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। आज राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों के



संसदीय जीवन और कार्यकाल को रेखांकित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। साथ ही विदाई सत्र में पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सदन के अंदर अनेक विषयों पर चर्चाएं होती हैं, हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लेकिन, जब ऐसा अवसर आता है, तो स्वाभाविक रूप से पार्टी की भावना से ऊपर उठकर हम सबके भीतर एक जैसा भाव प्रकट होता है कि हमारे ये साथी अब किसी और विशेष काम के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो नेता अब वापस सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहुंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा।

## डिजिटल व बड़े बाजारों पर निगरानी बढ़ाए सीसीआई

**नई दिल्ली।** संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति ने कहा कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को ऐसे क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ानी चाहिए जहां दो या कुछ ही कंपनियों का दबदबा है।

- संसदीय समिति ने की सिफारिश

समिति ने कहा ऐसे क्षेत्रों में कंपनियों के पास जरूरत से ज्यादा बाजार शक्ति हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ सकता है। लोकसभा में पेश रिपोर्ट में समिति ने कहा कि सीसीआई को नियमित बाजार अध्ययन, प्रतिस्पर्धा जोखिम आकलन और क्षेत्र-विशेष हस्तक्षेप के जरिए डिजिटल और पारंपरिक दोनों तरह के बाजारों पर नजर रखनी चाहिए। कुछ क्षेत्रों जैसे विमानन उद्योग में दो कंपनियों का वर्चस्व होने की चिंता भी जताई गई है। समिति ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से डिजिटल प्रतियोगिता विधेयक को जल्द लाने और इसके लिए तय समय-सीमा तय करने की भी सिफारिश की है। यह विधघेयक बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए जरूरी माना जा रहा है। रिपोर्ट में सीसीआई में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया।

## भारत ने ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेहरान।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। एजेंसीके मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया। दूतावास ने मेडिकल सप्लाई सौंपने का वीडियो भी शेयर किया। दूसरी ओर इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब को एयरस्ट्राइक में मार गिराया है।

## असम कांग्रेस के प्रद्युत बोरदोलोई बीजेपी में शामिल

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने बुधवार को बीजेपी जॉइन कर ली। उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। वे असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मुझे घुटन महसूस हो रही थी। मेरा अपमान किया जा रहा था। बीजेपी आज कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि पार्टी 126 विधानसभा सीटों में से 89 पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 37 में से असम गण परिषद (एजीपी) 26 सीटों पर, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## गुजरात विधानसभा परिसर में बम की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात में कई अहम स्थानों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह आए ईमेल के बाद गांधीनगर में विधानसभा को खाली करवाकर चेक किया। इसके साथ मुंद्रा पोर्ट पर सुरक्षा को अलर्ट किया गया। ईमेल में अहमदाबाद के स्कूलों में भी ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ईमेल में कच्छ जिले के मुंद्रा पोर्ट पर खड़े एलपीजी टैंकर को मिसाइल से उड़ाने की भी धमकी दी गई है। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल को गुजराती हिंदू चरमपंथी बताया गया है। ईमेल में अहमदाबाद के तीन स्कूलों में ब्लास्ट की धमकी दी गई है।

# कम उम्र में जांच और समय पर इलाज से घटेगा दिल का खतरा

**नई दिल्ली/ वॉशिंगटन।** हृदय रोगों को होने से पहले ही रोका जा सकता है, बशर्ते कम उम्र से जांच, सही जीवनशैली, उन्नत परीक्षण और समय पर दवा का इस्तेमाल किया जाए। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) और अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (एसीसी) ने नए कोलेस्ट्रॉल (डिस्लिपिडेमिया) दिशानिर्देश-2026 में दिल की बीमारियों की रोकथाम के तरीके में बड़े बदलाव किए हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में प्रकाशित इस अपडेट में साफ कहा गया है कि अब केवल 10 साल के जोखिम की बजाय पूरे जीवनकाल के खतरे को ध्यान में रखकर इलाज और रोकथाम की रणनीति तय की जानी चाहिए। नए दिशानिर्देश इस बात पर बल देते हैं कि लगभग 80 फीसदी हृदय रोगों को रोका जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि व्यक्ति कम उम्र से ही अपने

- बहुत अहम हैं नए कोलेस्ट्रॉल दिशानिर्देश

कोलेस्ट्रॉल स्तर को नियंत्रित रखता है, तो भविष्य में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। यही कारण है कि अब इलाज की शुरुआत बीमारी के लक्षण आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले ही करने की सलाह दी गई है। पहले जहां जोखिम आकलन के लिए पुराने समीकरणों का उपयोग किया जाता था, वहीं अब एथेरोस्क्लेरोटिक हृदय रोग (एएससीवीडी) प्रिवेंशन टूल को अपनाया गया है। यह नया टूल 10 साल के साथ-साथ 30 साल का जोखिम भी बताता है और व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर अधिक सटीक आकलन करता है।

**चार श्रेणियों में बांटा जोखिम**

जोखिम को चार श्रेणियों में बांटा गया है, जिससे डॉक्टर यह तय कर सकते हैं कि मरीज को दवा की जरूरत है या नहीं। नई गाइडलाइन में यह स्पष्ट किया गया है कि केवल एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। लिपोप्रोटीन (ए) यानी एलपी (ए) की जांच जीवन में कम से कम एक बार कराने की सलाह दी गई है, क्योंकि यह मुख्यतः आनुवंशिक होता है और उच्च स्तर पर जोखिम बढ़ाता है।

श्रीनगर से रिपोर्ट

फुलप्रूफ सुरक्षा इंतजामों में श्रीनगर बनेगा स्मार्ट सिटी

# कश्मीर : अब सुरक्षा के साथ विकास की भी राह

विष्णु मोहन

**स्वतंत्र भारत।** कश्मीर के हालात को संभालना ख़ासा मुश्किल है। वह भी तब जबकि विकास के कार्यों को भी बराबर से जारी रखना हो। धारा

- हालात सामान्य होने के साथ सुशासन की धमक बढ़ी
- धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा एहतियात और कड़े किए गए

370 के हटने के बाद से कश्मीर में ऊपरी तौर पर तो भले ही सब सही लगता हो लेकिन अंदर अंदर सब सही दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार भी इसे भली भांति समझ रही है। इससे निपटने के लिए हर कदम उठाने की कोशिश है। शहरों में हालात सामान्य बनाए रखने के साथ ही सुशासन बनाए रखना खासा चुनौती भरा काम है। श्रीनगर की ही बात करें तो यहां हर दर्शनीय व धार्मिक स्थल, सड़क, हर चौराहे, बाजार या भीड़ वाली जगहों पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। शहर से बाहर जाने वाली सभी सडकों पर सुरक्षा कर्मी दिख जाएंगे। सुरक्षा इंतजाम का यह नजारा पूरे कश्मीर में देखने को मिलेगा। चाहे वह गुलमर्ग हो या सोनमर्ग, बेताब वैली हो या कोई झील हो, सभी जगहें सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी पैरा मिलिटरी बल संभाल रहे हैं। ख़ास बात यह है की यह सुरक्षा बल आम जन या टूरिस्ट सभी के साथ बहुत सौहार्द्रपूर्ण तरीके से व्यवहार करते हैं। ताकि किसी तरह की असहज स्थिति न उत्पन्न हो।

अगर कोई शहर से एयरपोर्ट जा रहा है तो उसे हवाई अड्डे में तो सुरक्षा जांच करानी ही होगी, हवाई अड्डे से पहले उसे सैनिक बलों की जांच से भी गुजरना होता है। कारण यह कि किसी तरह की चूक की संभावना न रहे। यह कहना गलत नहीं होगा कि हालात सामान्य बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल हर कदम उठा रहे हैं। स्थिति यह है कि किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए शहरों में जगह जगह स्थापित सुरक्षा बलों की अस्थायी चौकियों को बाहर कंटीले तारों से घेर कर रखा जाता है। यही स्थिति धार्मिक स्थलों पर किये जाने वाले इंतजाम की भी है। इसकी वजह यह है कि रात के अंधेरे में असामाजिक तत्व कोई हरकत न कर दें। हालात को संतुलित बनाए रखने के लिए सरकार सुरक्षा इंतजाम के साथ विकास के कार्यों पर भी जोर दे रही है। अभिसूचना तंत्र को मजबूती देने की कोशिश के साथ ही श्रीनगर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से स्थानीय पुलिस व प्रशासन को भो जोड़ा गया है। शहर के आंतरिक मामलों से इन विभागों को तत्काल कार्यवाही के लिए निरंतर सम्पर्क में रखा जाता है। कश्मीर की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सुरक्षा प्रबंध वैसे भी जबरदस्त चुनौती वाला काम है। पैरा मिलिट्री फ़ोर्स के साथ ही जम्मू कश्मीर पुलिस भी लगभग सभी प्रमुख स्थलों पर मुस्तैद दिखती है। पाकिस्तान सीमा पास में ही होने की वजह से पूर्व में श्रीनगर में आतंकी गतिविधियां बनी रहती थीं। पिछले कई सालों से इन पर अंकुश लगा है। ऐसी गतिविधियां फिर न हो, इसे रोकने की पुरजोर कोशिशें चल रही हैं। लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बना रहे इसके लिए रोजगार के अवसर निकालने के साथ ही स्थानीय शिल्प को बढ़ावा दिया जा रहा है। हर संभव प्रजेक्ट लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक़ हालात को सामान्य बनाए रखने के लिए हर कदम उठाए जा रहे हैं।

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय के अनुसार इच्छुक लोग और संस्थाएं 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। सभी नामांकन केवल राष्टीय पुरस्कार पोर्टल के जरिए ही स्वीकार किए जाएंगे। पद्म पुरस्कार देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री दिए जाते हैं। ये सम्मान कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान, सामाजिक सेवा और उद्योग जैसे कई क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए दिए जाते हैं।





## संक्षिप्त ख़बरें

### चहारदीवारी तोड़ने पर अज्ञात पर केस

**दुबौलिया, बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के खुशहाल गंज गांव में कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल की दीवार तोड़े जाने से अफरातफरी मच गयी। दुबौलिया और खुशहाल गंज के संयुक्त ईदगाह से सटे कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल की दीवार को बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ कर गिरा दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए थानाध्यक्ष दुबौलिया को सूचित किया। मंगलवार की टूटे बाउंड्री वॉल के हिस्से को पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों के सहयोग से जोड़ दिया गया। वही खुशहालगंज के ग्रामीणों ने अज्ञात के विरूद्ध दुबौलिया पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

### मोबाइल फोन न मिलने से नाराज युवक ने छोड़ा घर

**पटहेरवा।** क्षेत्र के सठियाव गांव निवासी एक 13 वर्षीय किशोर को मोबाइल देखने से मना करना पिता को महंगा पड़ गया। थाना क्षेत्र के सठियाव गांव निवासी संजय सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि इनका 13 वर्षीय बेटा शुभम सिंह का परीक्षा चल रहा है। लेकिन वह 15 मार्च को घर पर मोबाइल चला रहा था। पिता ने बेटे को परीक्षा की तैयारी करने के लिए कह उसे डाट दिया। उस दौरान बेटे ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।16 मार्च की सुबह जब पिता कमरे में गए तो वह कमरे में नहीं था दरवाजे की कुंडी अंदर से खुली हुई थी और वह कही चला गया था। काफी खोजबीन किया गया लेकिन बेटे का कही पता नहीं चला। आखिरकार परिजन ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कारवाई किए जाने की मांग की है।

### साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बरगदवां।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत थाना बरगदवा बाजार क्षेत्र में साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर अपराधों से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है, ऐसे में सतर्कता और जागरूकता बेहद जरूरी है। लोगों को फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग और ऑनलाइन ठगी जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनसे बचने के उपाय समझाए गए। नागरिकों को साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके।

### एएसपी ने की बैठक, दिये निर्देश

**बृजमनगंज।** थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध लेहड़ा माता मंदिर में बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान एएसपी ने पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखने और उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर कड़ी नजर रखने को कहा। महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की भी हिदायत दी गई।


अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचना देकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंदिर परिसर में सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग और प्रवेश-निकास मार्गों पर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिन्दा को मुर्दा दिखा कर रोकी गयी पेंशन, भटक रहा बुजुर्ग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**दुबौलिया, बस्ती।** दुबौलिया ब्लॉक के पेंशन प्राप्त करने वाले एक वृद्ध को जिन्दा रहते ही मृत दिखा कर पेंशन रोक देने का विकास विभाग का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। खंड विकास अधिकारी दुबौलिया ने अप्रैल 2022 में एक सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर पचहत्तर साल के अली रजा निवासी धर्मूपुर को मृतक घोषित कर पेंशन बंद कर दिया। अली रजा ने खंड विकास अधिकारी को अपने जीवित होने का प्रमाण देते हुए गलत सत्यापन को चुनौती दी जिस पर बीडीओ ने पुनः जांच कराई और सम्बंधित ग्राम पंचायत अधिकारी को ग़लत रिपोर्ट देने पर चेतावनी ज़ारी किया और अली रजा को पुनः आवेदन करने की सलाह दी। अली रजा ने पुनः पेंशन



के लिए आवेदन किया। पूर्व में दर्ज पोर्टल पर उनका डाटा डिलीट कर दिए जाने से पेंशन की बहाली नहीं हो सकी ।समाज कल्याण निदेशालय सर्वर का बहाना बनाकर बुजुर्ग को गुमराह कर रहा है। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पेंशन नहीं बहाल हो सकी। अली रजा समाज कल्याण विभाग का चक्कर लगाते लगाते थक गए है। 75 वर्ष की इस उम्र में बेसहारा अपनी पेंशन के लिए ब्लॉक मुख्यालय से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक अपनी फरियाद कर चुका हैं।? यही नहीं अभी हाल ही में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में सशरीर उपस्थित होकर अपनी पीड़ा बयां कर चुका हैं।?असहाय अली रजा को सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिला पा रहा है। अली रजा एकदम अकेले हैं उनका अपना परिवार भी नहीं है।

### किन्नरों ने थाने पर किया जमकर हंगामा

**कसया/कुशीनगर।** किन्नरों ने थाने में जमकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस पूरी तरह बेबस दिखी। परिवार के कुछ सदस्यों को पीटे जाने को लेकर किन्नर आक्रोशित थे। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में चालान किया तो किन्नर शांत हुए और थाने से हटे। नगरपालिका के वार्ड रानी लक्ष्मीबाई पुरम (एकडेरवा के शुखपुरवा) निवासी सलमान व गांव के मुमताज के बीच मंगलवार की शाम रोजा इफ्तारी को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि मुमताज व उनके स्वजनों ने सलमान को पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डाक्टरी परीक्षण कराकर उसने पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सलमान परिवार के एक सदस्य आबिद उर्फ मुस्कान किन्नर हैं। उन्हें जब इस घटना की जानकारी हुई तो अपने साथियों के साथ थाने पर पहुंचे और कार्रवाई किए जाने को लेकर जमकर बवाल काटा।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : सीडीओ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** देर शाम मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि जिन निर्माण कार्यों को मार्च माह में पूर्ण होना है, उन्हें हर हाल में 31 मार्च तक पूरा किया जाए। कार्यों में देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में यूपीआरएन एसएस, यूपी सिडिको, यूपीपी सीएलसी एण्ड डीएस, पुलिस आवास निगम तथा राज्य सेतु निगम के कार्यों में धीमी प्रगति पर अर्थ एवं संख्या अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

लोक निर्माण विभाग के प्रान्तीय एवं निर्माण खण्ड की कुल 39 सड़क परियोजनाओं में से 13 पर कार्य प्रगति पर पाया गया। इसके अलावा ग्रामीण अभियंत्रण, जल निगम और वन विभाग को भी निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अर्थ एवं संख्या अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के प्रान्तीय एवं निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियंता, इण्डो-नेपाल बॉर्डर से संबंधित अधिकारी तथा सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामज्ञानी फाउंडेशन का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज विकास खण्ड के ग्राम बनवीरा में सोमवार को रामज्ञानी फाउंडेशन की आधिकारिक घोषणा एवं संस्था के प्रतीक चिह्न (लोगो) के विमोचन का कार्यक्रम भव्यरूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों का सहयोग किया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 से तमकुहीराज बरियारपुर निवासी युवा समाजसेवी ओजस्वी मिश्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता, स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान और मेधावी व जरूरतमंद छात्रों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अहर्निश कार्य किए जा रहे थे। इन्हीं प्रयासों को संगठित रूप देने के लिए अब रामज्ञानी फाउंडेशन की नींव रखी गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक समाजसेवी ओजस्वी मिश्र ने कहा कि आप सबके सहयोग से अब तक 91,111 पौधों का वितरण, 1000 से अधिक लोगों को रक्त उपलब्ध कराना तथा सड़क सुरक्षा के लिए 1100 से अधिक हेलमेट वितरण जैसे कार्य संपन्न किए जा चुके हैं और ये अनवरत जारी रहेंगे एवं प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति चाहे वह किसी भी जाति, धर्म,वंश और संप्रदाय से हो तत्पर सेवा दिया जाएगा। संस्था के डायरेक्टर प्रशांत शाही ने रामज्ञानी फाउंडेशन की स्थापना की प्रेरक यात्रा और उसके सामाजिक उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राम प्रसाद लाल श्रीवास्तव को पूर्वांचल गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। श्री श्रीवास्तव ने संस्था के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसके सामाजिक कार्यों की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हुई बैठक

**तमकुहीराज।** आगामी हनुमान जन्मोत्सव (2 अप्रैल, दिन बृहस्पतिवार) के अवसर पर नगर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के पवित्र प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में 14 वर्षों से आयोजित होने वाले भगवान हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर के सभी वार्डों के साथ-साथ आसपास की ग्राम सभाओं से आए सैकड़ों सनातन धर्मावलंबी एवं हनुमान भक्त उपस्थित रहे। बैठक में भक्तों ने भगवान हनुमान जी के आशीर्वाद से शोभायात्रा को आकर्षक एवं अनुकरणीय बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार शोभायात्रा में भक्ति गीत, झांकियां एवं संकीर्तन की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण का संचार होगा।

# मनोनीत सभासदों को दी गयी बधाई, हर्ष

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी बाजार में शासन द्वारा नामित सदस्यों की घोषणा के बाद नगर में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। नगर पालिका के अंतर्गत वरिष्ठ भाजपा नेता त्रियुगी नाथ अग्रहरि, अनीता जायसवाल एवं रामधनी मौर्य उर्फ मुन्नू मौर्या का मनोनयन महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया है।



इस मनोनयन में खास तौर पर वरिष्ठ भाजपा नेता त्रियुगी नाथ अग्रहरि को लेकर नगरवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहे त्रियुगी नाथ अग्रहरि की पहचान एक जमीनी नेता के रूप में रही है। उन्होंने समय-समय पर नगर के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। यही कारण है कि उनके मनोनयन को नगर के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि त्रियुगी नाथ अग्रहरि के अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ नगर पंचायत को निश्चित रूप से मिलेगा। लोगों को उम्मीद है कि वे नगर में साफ-सफाई, सड़क, जलनिकासी, बिजली, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुधार के लिए प्रभावी पहल करेंगे।

वहीं, अन्य नामित सदस्य श्रीमती अनीता जायसवाल एवं रामधनी मौर्य ÷मुन्नू मौर्या÷ को भी लोगों ने बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनसे जनहित में कार्य करने की अपेक्षा जताई है।

नगरवासियों ने आशा व्यक्त की कि सभी नामित सदस्य मिलकर नगर पंचायत बढ़नी बाजार के समग्र विकास, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उनका त्वरित समाधान किया जाए, ताकि नगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

# ९ वर्ष पूर्ण होने पर लगी प्रदर्शनी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** विधायक रामकोला विनय प्रकाश गोंड द्वारा उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नव निर्माण के 9 वर्ष के थीम पर आधारित विकास भवन के परिसर में सूचना विभाग एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई 9 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया और लाभार्थियों को चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा 9 वर्ष में अर्जित की गई उपलब्धियां पर प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी।



अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कुशीनगर महात्मा गौतम बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली होने के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र है। महापरिनिर्वाण मंदिर, रामाभर स्तूप, माथाकुंवर मंदिर एवं तुर्कपट्टी स्थित सूर्य मंदिर सहित अनेक ऐतिहासिक स्थल जनपद की पहचान हैं। कुशीनगर आज एक अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो चुका है, जहाँ विभिन्न देशों से पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं।

इस अवसर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से 08 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण, श्रम विभाग कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका योजना अंतर्गत प्रमाण पत्र का वितरण सहित समाज कल्याण विभाग से निः शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक पीयूष, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडेय, डीसी मनरेगा राकेश, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, बीएसए रामजियावन मौर्य सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी, एवं लाभार्थी गण आदि उपस्थित रहे।

### 3 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**तमकुही कुशीनगर।** आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए नोडल शिक्षकों के 3 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत ब्लाक संसाधन केंद्र सेवरही में हुई। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता से प्रकाश डाला।

खंड शिक्षा अधिकारी सेवरही अमितेश कुमार ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। इस दौरान बीईओ अमितेश कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आऊट आफ स्कूल/ड्राप आऊट बच्चों का अधिक से अधिक संख्या में विद्यालयों में नामांकन कर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण की सार्थकता तभी पूरा होगा जब हम इस उद्देश्य में सफल होंगे।

# स्पीड रडार से हुआ वाहनों का चालान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**श्यामदेउरवां।** महराजगंज गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर यातायात प्रभारी द्वारा अब तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर अब सख्ती बरती जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अत्याधुनिक स्पीड रडार का उपयोग किया जा रहा है।



इस रडार की मदद से निर्धारित गति से अधिक तेज चलने वाले वाहनों की पहचान कर चालान किए जा रहे हैं। यह अभियान महराजगंज-गोरखपुर हाइवे 730 पर श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बसहिया में धर्म कांटा के पास चलाया गया। यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने स्पीड रडार का उपयोग करते हुए निर्धारित मानक से तेज गति से चल रहे सात वाहनों का चालान किया। यह रडार वाहन की गति और अन्य पूरी जानकारी को तुरंत कैद कर लेता है। यातायात प्रभारी ने बताया कि पहले तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल होता था, क्योंकि उन्हें रोकने से दुर्घटना का डर रहता था। अब स्पीड रडार की मदद से मानक से अधिक गति से चलने वाले वाहनों पर आसानी से कार्रवाई की जा सकेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने यह भी बताया कि बाइक की सामान्य गति कस्बा में 30 एवं हाइवे पर 60 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक नहीं होनी चाहिए। जेडएफडी कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात पुलिस और क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी और सदस्यों द्वारा स्पीड रडार के अलावा ब्रीथ एनालाइजर और डेसीबल मीटर जैसे अन्य यातायात उपकरणों का भी उपयोग किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले हॉर्न का उपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के दौरान कुल 32 चालान किए गए। इस चेकिंग अभियान में यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह के साथ उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, हेड कांस्टेबल जितेंद्र विश्वकर्मा, संतोष कुमार, कांस्टेबल प्रमोद यादव, संतोष प्रजापति और होमगार्ड रामनयन शामिल रहे।

### रोजगार सेवकों ने दिया ज्ञापन

**परतावल।** परतावल ब्लॉक के सभी ग्राम रोजगार सेवकों ने आठ माह से लंबित मानदेय को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि बीते वर्ष अगस्त 2025 से अब तक करीब आठ माह का मानदेय ग्राम रोजगार सेवकों को नहीं मिला है। इसके बावजूद वे मनरेगा सहित अन्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर लगातार कार्य कर रहे हैं। मानदेय न मिलने के कारण रोजगार सेवक आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण भी कठिन हो गया है। रोजगार सेवकों का कहना है कि त्यौहारों जैसे दीपावली, होली और दशहरा पर भी वे आर्थिक संकट के चलते खुशियां नहीं मना पा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

# रसोई गैस को लेकर धरना-प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सपा के महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर और महिला सभा की जिला अध्यक्ष सुनीता गोस्वामी की अगुवाई में रसोई गैस की किल्लत एवं कालाबाजारी को देखते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। धरने के दौरान यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद खान ने कहा कि भारत सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई दिनों से गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर अफरातफरी और हाहाकार मचा हुआ है जिससे आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। यह मामला महिलाओं से सीधा जुड़ा हुआ है। पहले कमरतोड महंगाई और अब गैस के लिए परेशानी से महिलाओं की जिन्दगी बद से बदत्तर होती जा रही है।

महिला सभा की जिला अध्यक्ष सुनीता गोस्वामी ने कहा कि आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी में बढ़ती परेशानी को अनदेखी करते हुए केंद्र व प्रदेश की सरकार द्वारा ये कहना है कि रसोई ग़ैश की कोई कमी नहीं है हास्यप्रद है और आम जनता एवं महिलाओं के जख्म पर नमक छिड़कने



के समान है।

महिला सभा की जिला महासचिव एवं जिला पंचायत सदस्य रिन्धु पासवान ने कहा कि गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी, लंबी लाइनों में महिलाएं बेहोश हो कर गिर रही है गैस एजेंसियों पर रसोई गैस को ब्लैक करने वाले दलालों हावी है प्रशासन पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है। आम आदमी को गैस न मिलना सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। वही सपा यूवजन सभा के प्रदेश सचिव विजय चौधरी, कृष्ण नाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन यादव, बांसी विधानसभा अध्यक्ष रुखसार बानो, कपिलवस्तु विधानसभा अध्यक्ष बृंदवासनी देवी सहित अन्य लोगों ने सरकार की नीतियों और फैसलों से आम जनमानस का जीवन कठिन हो गया है, गैस सिलेंडर की कमी से उत्तर प्रदेश की जनता की दुश्वारियों को बताया और ऐसे पैनिक हालात में प्रशासन की लापरवाही पर कड़ी निंदा किया गया।

इस दौरान कृष्ण नाथ यादव, जुनेद आलम, वृन्दवासनी गौतम, रिजवान खातून, असीमा बानो, रोशनी, किरण गुप्ता, भागीरथी, इंदु कन्नौजिया खुशनुमा बानो, कुमारी पूनम मिश्रा सायला सिद्दीकी, हसरतुननिशा, मोमिना, गौरी देवी, मुस्कान, अनीता देवी, मुमताज़, सरिता, इरफान सफ़ीना खातून, गुड़िया देवी, ऊषा, रितु यादव, कैलाश देवी, रानी प्रजापति, सीता देवी सहित तमाम पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**परतावल।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के अमवां बसडिला निवासी पूजा ने अपने पति राहुल यादव और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट तथा अन्य गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई है। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर पहले कार्रवाई न करने का आरोप लगाया था। पूजा द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, लगभग एक साल पहले उनके पति राहुल यादव और ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर उनके साथ मारपीट की थी। इसके बाद उन्हें घर से निकाल दिया गया था। इस घटना के बाद, पूजा ने न्यायालय में भरण-पोषण का मुकदमा दायर किया था। इसके जवाब में, उनके पति राहुल यादव ने विदाई का मुकदमा दायर किया। सुलह वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। समझौते के बाद, राहुल यादव पूजा को अपने साथ घर ले गए।

# ७५ पेटी शराब, ट्रक सहित तस्कर धराया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** कुशीनगर जनपद के थाना कोतवाली पडरौना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय शराब तस्करी गैंग का पर्दाफाश करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 75 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब और एक आयशर डीसीएम ट्रक बरामद किया गया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 23 से 24 लाख रुपये बताई जा रही है।



पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 18 मार्च 2026 को बांसी चौकी बैरियर के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को रोका। जांच में पाया गया कि ट्रक की नंबर प्लेट बदली गई थी और चेसिस नंबर भी खुरचा गया था। तलाशी लेने पर ट्रक के केबिन में बनाए गए गुप्त बॉक्स से 75 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इसमें 45 पेटी डिस्काउंट प्रीमियम व्हिस्की और 30 पेटी ब्लू स्ट्रोक एक्सक्यूजिट व्हिस्की शामिल हैं, जिनकी कुल मात्रा लगभग 648 लीटर है।

मौके से गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रदीप ढाका पुत्र महिपाल सिंह निवासी झुंझनू, राजस्थान के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह चंडीगढ़ से सस्ती शराब खरीदकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेचता था। इसके लिए ट्रक में विशेष गुप्त स्थान बनाकर शराब छिपाई जाती थी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम व बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई में कोतवाली पडरौना की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# नाले के जल शोधन से निर्मल होगी राप्ती नदी की धारा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप राप्ती नदी की धारा को अविरल बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना आगामी मानसून से पहले ही पूरी हो जाएगी। महेवा/कटनिया नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट की परियोजना में 92 प्रतिशत कार्य हो चुका है और इसी मार्च माह के अंत तक इसके पूरी तरह पूर्ण हो जाने की उम्मीद है। नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट के लिए सरकार 53 करोड़ रुपये खर्च कर रही है।




वर्षों से शहर का सीवेज महेवा और कटनिया जैसे बड़े नालों के जरिये सीधे राप्ती नदी में मिलता रहा। अब नदी में मिलने वाले नालों पर इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट की परियोजनाओं को लागू किया जा रहा है। राप्ती में जो नाले गिरते हैं उनमें से महेवा/कटनिया नाला भी महेवा, रुस्तमपुर एवं महुईसुघरपुर वार्ड के करीब पचास हजार की आबादी के उपभोग किए जल और सीवेज को नदी में उड़ेलता है। अब महेवा/कटनिया नाले के पानी को नदी में गिरने से पहले ही इंटरसेप्ट (रोका) किया जाएगा और पाइपलाइनों के जरिए एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक डायवर्ट किया जाएगा।

डायवर्ट किए पानी व सीवेज के ट्रीटमेंट के लिए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय की तरफ से 10 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और 27 एमएलडी क्षमता के मास्टर पम्पिंग स्टेशन (एमपीएस) का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे पानी के शोधित होने के बाद ही नदी में डिस्चार्ज किया जाएगा। मानसून से पहले इस परियोजना के क्रियाशील होने पर बारिश के मौसम में नदी में जाने वाले अतिरिक्त कचरे को नियंत्रित किया जा सकेगा।

कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार बताते हैं कि महेवा/कटनिया नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट की परियोजना पर काम 29 दिसंबर 2023 को शुरू हुआ था। अब तक करीब 92 प्रतिशत कार्य कराया जा चुका है। परियोजना को बरसात से पहले, मई अंत तक शत प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि प्रगति को देखते उम्मीद है कि इसी माह (मार्च) के अंत तक इसे पूर्ण कर लिया जाए।

## युवा खिलाड़ियों को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण

**गोरखपुर।** शहर के क्रिकेट प्रेमियों और उभरते खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रकाश क्रिकेट स्टेडियम में 19 मार्च से शुरू हो रहा स्ब्ष्ट हाई परफॉर्मेंस कैंप गोरखपुर के युवा क्रिकेटरों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। 25 मार्च तक चलने वाले इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज खिलाड़ी युवाओं को सीधे प्रशिक्षण देंगे, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने का बड़ा मंच मिलेगा। इस हाई प्रोफाइल कैंप की सबसे बड़ी खासियत इसमें शामिल हो रहे दिग्गज कोच और खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के पूर्व महान तेज गेंदबाज चामिंडा वास, भारत के अनुभवी बल्लेबाज वसीम जाफर, प्रख्यात कोच ज्वाला सिंह और विनायक सामंत जैसे बड़े नाम खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सिखाएंगे। जानकारी के अनुसार चामिंडा वास 20 मार्च को गोरखपुर पहुंचेंगे, जबकि अन्य कोच पहले से ही शहर में मौजूद हैं और तैयारियों में जुटे हुए हैं। कैंप में मुंबई से आए विशेषज्ञ कोचों की टीम भी शामिल है, जिसमें धनंजय तेंडुलकर, निखिल बागल, अंकित पटेल और अभिषेक गाडव जैसे प्रशिक्षक खिलाड़ियों को तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे। आयोजन की कमान एमसीसी मैनेजमेंट के सुजीत सिंह, आनंद पाल सिंह और रतनदीप के हाथों में है, जो इस पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संचालित कर रहे हैं। कैंप का समय प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसमें लगभग 50 से 60 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं। खास बात यह है कि अंडर-14 वर्ग के खिलाड़ियों में इस कैंप को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर भी अनुभवी कोचों की टीम खिलाड़ियों को मार्गदर्शन दे रही है।

# स्टंटबाजी पड़ी भारी, दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** सोशल मीडिया पर बाइक स्टंट का वीडियो पोस्ट करना दो युवकों को महंगा पड़ गया। थाना पीपीगंज पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और स्टंट कर रहे दोनों युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित मोटरसाइकिल को सीज कर दिया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष पीपीगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस पूरे प्रकरण में सक्रिय भूमिका निभाई।

पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें दो युवक सड़क पर मोटरसाइकिल से खतरनाक स्टंट करते नजर आ रहे थे। यह न केवल उनकी अपनी जान के लिए खतरा था, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी गंभीर जोखिम पैदा कर रहा था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और तकनीकी व स्थानीय जानकारी के आधार पर दोनों युवकों की पहचान कर ली। पहचाने गए आरोपियों में दीपू दुबे पुत्र विक्रम प्रसाद दुबे निवासी ग्राम ताजडीह, पोस्ट जगतबेला थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर तथा अंश कुमार श्रीवास्तव पुत्र दिनेश कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम राजाबारी थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की है।

इसके साथ ही जिस मोटरसाइकिल से स्टंट किया जा रहा था, उसे भी पुलिस ने सीज कर दिया है। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही और कानून उल्लंघन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रैंकिंग नहीं सुधरी तो वेतन होगा बाधित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रदर्शन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शाश्वत त्रिपुरारी ने स्पष्ट कर दिया है कि जनसमस्याओं के निस्तारण और विकास कार्यों की प्रगति में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में खराब प्रगति वाले अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।



सीडीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं और शिकायतों की निगरानी की जाती है। फरवरी माह की समीक्षा में कई विभागों की रैंकिंग संतोषजनक नहीं पाई गई। इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को चिन्हित किया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। जिन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, उनमें जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह (जो पीओ नेडा का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे हैं), जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जीएम डीआईसी और डीसी एनआरएलएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हैं। इन सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि उनके विभाग की प्रगति खराब क्यों रही।

सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी ने सख्त शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि मार्च माह में हर हाल में रैंकिंग में सुधार लाया जाए। यदि प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं दिखा, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शासन स्तर पर पत्राचार किया जाएगा और वेतन बाधित करने जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों की लंबित शिकायतों और योजनाओं की समीक्षा करें और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। केवल औपचारिक रिपोर्टिंग नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य दिखना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई तय है।

सीडीओ ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और समयबद्धता बेहद जरूरी है। शासन की मंशा के अनुरूप काम करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस सख्ती के बाद प्रशासनिक हलकों में सक्रियता बढ़ गई है और विभागों ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं।

# गैंलेट ने वितरित किये हेलमेट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शहर में जागरूकता अभियान को तेज किया गया है। इसी क्रम में गैलेंट ग्रुप की ओर से शास्त्री चौराहे पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों के बीच 500 से अधिक हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह और एसपी ट्रैफिक राजकुमार पांडेय मुख्य रूप से मौजूद रहे।

शहर के व्यस्ततम चौराहों में शामिल शास्त्री चौराहे पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी रोजाना तेज रफ्तार और भारी वाहनों के बीच घंटों ड्यूटी करते हैं, जिससे उनके सामने दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ऐसे में उन्हें हेलमेट उपलब्ध कराना उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

एसपी ट्रैफिक राजकुमार पांडेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल आम नागरिकों तक सीमित नहीं है, बल्कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के लिए भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना जीवन बचाने का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर चोट का सबसे बड़ा कारण सिर पर लगने वाली चोट होती है, जिसे हेलमेट पहनकर काफी हद तक टाला जा सकता है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों और सवारों से अपील की कि वे हेलमेट को अपनी आदत बनाएं और सुरक्षा नियमों का पालन करें। कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों को भी जागरूक करते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की गई। लोगों से कहा गया कि वे तेज रफ्तार से बचें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और ट्रैफिक संकेतों का पालन करें। अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता और अनुशासन ही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे कारगर तरीका है।

गैलेंट ग्रुप के प्रतिनिधियों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान शहर के अन्य प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भी इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा और इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हेलमेट सिर्फ एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का जरूरी साधन है।

# स्वयं सेवकों पर हुई पुष्प वर्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**गोरखपुर।** भारतीय नूतन वर्ष की पूर्व संध्या पर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, गोरखपुर दक्षिणी द्वारा आयोजित इस पथ संचालन का व्यायर प्रकोष्ठ ने किया अभिवादन, भाजपा, व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक सौरभ कुमार सिंह के नेतृत्व में व्यापारी समाज ने पथ संचालन में भाग ले रहे स्वयं सेवकों का पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया, व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक प्रवीण सिंह के संयोजन में सभी पदाधिकारियों बैंक रोड स्थित पवित्र विवाह लॉन पर एकत्रित हुए तत्पश्चात पथ संचालन में आने वाले सैकड़ों स्वयं सेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा किया, । इस पर महानगर संयोजक सौरभ। सिंह ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नि· स्वार्थ भाव से राष्ट की सेवा कर रहे स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा हम सभी व्यापारियों का सौभाग्य है। सभी ने एक दूसरे को नूतन वर्ष की शुभकामना दिया, जिसमें मुख्य रूप से संयुक्त व्यापार मंडल के संयोजक रमेश गुप्ता, गोलघर व्यापार मंडल के अभिषेक शाही, सहित व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी नवोदित त्रिपाठी, गौरव गुप्ता, अरुण सिंह, रामनरेश चौबे, मनहर पांडे, अवधेश चौरसिया, सोनू गुप्ता, धर्मेंद्र शर्मा प्रताप भानु त्रिपाठी तेजस्विनी गोपाल जी वैषय दिनेश पाठक सहित दर्जनों व्यापारी एकत्रित रहे।



# होली मिलन समारोह संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बडहलगंज।** बड़हलगंज कस्बे के वर्धन मैरेज हॉल में मद्धेशिया वैश्य समाज द्वारा मंगलवार देर रात तक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने बाबा गणिनाथ का विधिवत पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। भक्ति और फगुआ गीतों पर उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण होली के रंगों से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा गणिनाथ के जीवन, आदर्शों और उनके दिखाए मार्ग पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के लोगों को उनके सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि समाज की उन्नति के लिए एकता, नैतिकता और परंपराओं का पालन अत्यंत आवश्यक है।

समाज संगठन के अध्यक्ष हीरा लाल गुप्ता ने शिक्षा, संस्कार और एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन्हीं मूल्यों के आधार पर समाज निरंतर प्रगति कर सकता है। गुप्ता ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक समरसता और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया।

गनेश स्वीट भोग के अमित मद्धेशिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक एकता को समाज के विकास की आधारशिला बताया।

इस अवसर पर अखिलेश गुप्ता (पत्रकार), राजेश गुप्ता, नरेंद्र, महेश, छोटेलाल, अमित, सुनील, रमेश, दीपक, मुन्ना जी, डॉ. अनुज गुप्ता, डॉ. जे.के. गुप्ता, जय प्रकाश, सोनू और रवि मद्धेशिया सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोजन प्रसाद वितरण और समाज की एकता, अखंडता व प्रगति के संकल्प के साथ हुआ।

# एक मंच पर जुटे जायसवाल समाज के दो संगठन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** जायसवाल समाज द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन 17 मार्च, मंगलवार को बड़हलगंज स्थित ऐतिहासिक चरण पादुका कुटी परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। विशिष्ट अतिथियों में विधायक बहराइच एवं राष्ट्रीय संयोजक (उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र) अजितेश जायसवाल, राष्ट्रवादी सहस्त्रबाहु मंच (आरएसएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाशंकर जायसवाल, उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव फेडरेशन (यूपीपीसीएफ) लखनऊ के उपसभापति रामकुमार जायसवाल, बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के प्रधानाचार्य विजय कुमार जायसवाल तथा विद्युत विभाग गोरखपुर के उपखंड अधिकारी शामिल रहे। मुख्य अतिथि विधायक पड़रौना मनीष जायसवाल ने कहा कि पौहारी महाराज की कुटी पर आयोजित यह कार्यक्रम समाज की एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने बड़हलगंज की विभिन्न समितियों द्वारा मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने की सराहना की। वहीं मुख्य अतिथि अटल कुमार गुप्ता ने कहा कि होली जैसे पर्व पर आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने दो संगठनों को एक मंच पर लाने के प्रयास की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक फूलों की होली खेली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक मनोज मधुर एवं गायिका अनीशा वर्मा ने भक्ति गीतों और फगुआ प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों एवं कोर कमेटी के सदस्यों को पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि श्रवण जायसवाल, सन्नी जायसवाल एवं अमन जायसवाल द्वारा स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में अशोक जायसवाल, नंद लाल जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, संतोष जायसवाल (पत्रकार), राजीव जायसवाल (पत्रकार), विंध्याचल जायसवाल, आशीष जायसवाल, मनोज उर्फ डब्बू जायसवाल, विनोद जायसवाल, अनूप जायसवाल, सन्नी जायसवाल, अमन जायसवाल, डॉ. नवनीत जायसवाल, विनय मंटू जायसवाल, डॉ. विजय जायसवाल एवं संजय जायसवाल सहित समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस समारोह ने समाज में एकता का सशक्त संदेश दिया।

## इसुजु आई केयर प्री समर कैंप की हुई घोषणा

**गोरखपुर।** इसुज़ू की बेहतरीन सर्विस और गाड़ी के मालिक बनने का अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराने के अपने निरंतर प्रयास के अंतर्गत, इसुज़ू मोटर्स इंडिया अपनी इसुज़ू ष्ठ-रूड्ढ पिक-अप और स्ड्ढ रेंज के लिए देश भर में एक 'इसुज़ू आई-केअर प्री-समर कैंप' आयोजित करेगी। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को इस मौसम में पूरे देश में बिना किसी परेशानी के वाहन चलाने का अनुभव प्रदान करने के लिए आकर्षक लाभ और निवारक रख-रखाव की जाँचों की सुविधा प्रदान करना है।'इसुज़ू केअर' की पहल के रूप में, यह प्री-समर कैंप इसुज़ू के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर 23 मार्च से 28 मार्च 2026 (दोनों दिन समेत) के बीच आयोजित किया जायेगा। इस दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिए विशेष ऑफ़र और अनेक लाभ उठा सकते हैं।

# रासेयो शिविर का समापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** उपनगर के वी एसएवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन सातवें दिन समारोहपूर्वक किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोला ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी श्री दिवाकर सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. अनिल तिवारी ने की।

शिविर के समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को अतरौरा के सभासद श्री संदीप सोनकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से निकलकर एम.सी.ए. पब्लिक स्कूल, तहसील परिसर, विजय आईटीआई और चंद चौराहा होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची।

समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्रभान मिश्र द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्री दिवाकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा और समर्पण की भावना विकसित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अनिल तिवारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। इस अवसर पर मेधावी और सक्रिय विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिलीप दुबे ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री बागेश्वरी राय ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इसी समय शिक्षा की मजबूत नींव रखी जाती है। इस अवसर पर डॉ. मुरार मिश्र, श्री दयानंद, श्री चन्द्रेश त्रिपाठी, श्री कैलाश नाथ दूबे, श्री विजय प्रकाश मिश्र, श्री मुकेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राजनारायण मिश्र ने किया।

# निष्पक्ष पत्रकारिता करना बेहद चुनौतीपूर्ण : सतीश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी पत्रकारों पर बढ़ते शारीरिक व मानसिक हमलों और फर्जी मुकदमों के खिलाफ जनपद के पत्रकारों ने आवाज बुलंद की है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब, बस्ती के बैनर तले पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से देश में तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने और पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की पुरजोर वकालत की।

मंडलायुक्त कार्यालय पर ज्ञापन सौंपने के बाद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के जिलाध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव ने कहा कि आज के दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता करना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। फील्ड में रिपोर्टिंग के दौरान पत्रकारों को न केवल असामाजिक तत्वों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है, बल्कि उन पर जानलेवा हमले भी हो रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा ही वास्तव में लोकतंत्र की सुरक्षा है, और यदि



चौथा स्तंभ ही सुरक्षित नहीं रहेगा, तो समाज और राष्ट्र को जागरूक करने का कार्य बाधित होगा। पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार तत्काल प्रभाव से देश में एक सशक्त और कठोर पत्रकार सुरक्षा कानून% लागू करे, हमला करने वाले या उन्हें डराने-धमकाने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाए, कर्तव्य पालन के दौरान पत्रकारों पर अक्सर बदले की भावना से फर्जी मुकदमे दर्ज कर दिए जाते हैं। क्लब ने मांग की है कि किसी भी पत्रकार पर कानूनी कार्रवाई से पहले उच्च स्तरीय जांच अनिवार्य की जाए, फील्ड में कार्यरत पत्रकारों के लिए अनिवार्य बीमा योजना, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और किसी अनहोनी या आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता की गारंटी दी जाए। इस महत्वपूर्ण मुहिम में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य एकजुट नजर आए।

ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम काशिफ, अनुज प्रताप सिंह, पारस नाथ मौर्य, बृजेश त्रिपाठी, हिफजुर्रहमान और वसीम अहमद, संतोष सिंह, इंद्रजीत चौधरी, राजकुमार, कमलेश सिंह सहित कई अन्य पत्रकार साथी शामिल रहे। पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी जायज मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन को और तेज करेंगे।

# चेयरमैन प्रतिनिधि की बढ़ाई जाए सुरक्षा : पूर्व विधायक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**बड़हलगंज।** चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने बड़हलगंज चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई कि षड्यंत्र के तहत उनके ऊपर हमला कराया जा सकता है।

पूर्व विधायक ने बताया कि हाल ही में शिलापट्ट तोड़े जाने के मामले को लेकर उनकी और चेयरमैन प्रतिनिधि की मोबाइल फोन पर बातचीत हुई थी। इस बातचीत को षड्यंत्र के तहत रिकॉर्ड किया गया और उसे तोड़मरोड़ कर वायरल किया गया और शासन से दबाव डलवाकर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया। श्री तिवारी ने कहा कि उनको आशंका है कि विधायक राजेश त्रिपाठी षड्यंत्र के तहत चेयरमैन प्रतिनिधि पर हमला करवा सकते हैं, या फिर वह स्वयं पर हमला करवा सकते हैं। इसको देखते हुए प्रशासन इनको पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करवा दे।उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। ऐसे में विधायक राजेश त्रिपाठी और चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर दोनों षड्यंत्र के तहत कार्य कर रहे हैं।

विधायक और चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा पूर्व में कराए गए कार्यों को छिपाने या ढकने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में बड़हलगंज कस्बे में बस स्टेशन और सुभाष चंद्र बोस पार्क में लगे पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के शिलापट्ट को इनके द्वारा हटा दिया गया। इसी क्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि के बाबा विश्वनाथ उमर के नाम पर बने सड़क का लोकार्पण पूर्व मंत्री के द्वारा किया गया था। चेयरमैन प्रतिनिधि उस मार्ग का सुंदरीकरण कर उनके शिलापट्ट को ढकने का कुत्सित प्रयास किया गया।




# सरकारी स्कूलों में कायाकल्प कार्य अधूरा



**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।** योगी सरकार गरीब परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।सरकार स्कूलों को चमकाने के लिए कायाकल्प प्रोजेक्ट अलंकार जैसे योजनाओं को चला रहा है।स्कूलों मे साफ-सफाई पेयजल व्यवस्था साफ सुथरा शौचालय व रंग रोगन आदि कार्य शामिल है जिस सम्बन्ध मे धनराशि निर्गत कर दी गई है।कायाकल्प कार्य जनवरी तक पूरे होने थे,लेकिन अभी भी कई स्कूल कायाकल्प कार्य से अछूते है और सबसे हास्यास्पद बात यह है कि बहानेबाजी मे मास्टर जी ने बच्चों को पीछे छोड़ दिया है।ब्लॉक बाबागंज अंतर्गत कई स्कूलों मे कायाकल्प कार्य अधूरे पड़े हुए है।प्राथमिक विद्यालय चेतरा,गोपालपुर,पूर्व माध्यमिक विद्यालय झींगुर,प्राथमिक विद्यालय झींगुर,प्राथमिक विद्यालय बाबू राय जहांपुर,किन्धौली,भैंसाना आदि मे कायाकल्प अंतर्गत करवाए जाने वाले कार्य अधूरे पड़े हुए है।कई विद्यालयों में आधा-अधूरा रंगाई-पुताई का कार्य किया है।कायाकल्प के सम्बन्ध मे की जा रही देरी से प्रतीत होता है कि हेड मास्टरों का इरादा नेक नही लगता है।खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा के द्वारा बताया गया कि अधिकतम स्कूलों की रंगाई-पुताई कार्य किया जा चुका है,जो अभी बचे हुए है,वे मार्च तक पूरा कर लेगे और यदि मार्च के बाद जिन स्कूलों का रंग रोगन कार्य नही हुआ ।

# चैत्र नवरात्र आज से प्रारंभ नवदुर्गा का विधि विधान से करें पूजन

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** हिंदू नव वर्ष व चैत्र नवरात्र तथा रामनवमी का पर्व आज से प्रारंभ हो गया है।हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि के पर्व आस्था,भक्ति और शक्ति की उपासना का सबसे पवित्र समय माना जाता है।मान्यता है कि नवरात्रि के इन नौ दिनों में मां दुर्गा पृथ्वी पर अपने भक्तों के बीच आती है।उनकी सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थनाओं को स्वीकार करती हैं।हिंदू पंचांग के अनुसार,चैत्र नवरात्रि की शुरुआत आज 19 मार्च गुरुवार से होगी।इसका समापन 27 मार्च,शुक्रवार को होगा।पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है।हर दिन देवी के एक विशेष रूप को समर्पित होता है। उसी के अनुसार भक्त पूजा-अर्चना करते हैं,इन दिनों श्रद्धालु व्रत रखते हैं।मां दुर्गा की आरती करते हैं,तथा घरों में कलश स्थापना कर देवी का आह्वान करते हैं। नवरात्रि की शुरुआत प्रतिपदा तिथि पर होने वाली घटस्थापना यानी कलश स्थापना से होती है।इसे नवरात्रि पूजा का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।इस दिन विधि-विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा का आह्वान किया जाता है। अखंड ज्योति जलाकर नौ दिनों तक पूजा की जाती है।धार्मिक मान्यता है कि सही मुहूर्त में घटस्थापना करने से घर में सुख,समृद्धि व सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।नवरात्रि के दौरान अष्टमी और नवमी तिथि का भी विशेष महत्व होता है,जहां कन्या पूजन किया जाता है।क्योंकि कन्या आदिशक्ति का स्वरूप है,इसीलिए कन्या को विधि-विधान से पूजन और भोजन कराना चाहिए।नवरात्र की प्रतिपदा को कलश स्थापना दिवस भी कहा जाता है।प्रथम दिन घर-घर कलश स्थापित कर मां दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिनों में पूजा की जाती है।

## महिला सभासद का आकस्मिक निधन

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के वार्ड नंबर 12 रामनगर की सभासद श्रीमती सरिता सिंह पत्नी विकास सिंह पप्पन का मंगलवार शाम लखनऊ के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया।वह गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं।उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।इसके बाद परिजन उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास तख्त का पुरवा फतेहनगर लेकर पहुंचे।जहां शोक संवेदना देने के लिए लोगों का तांता लग गया।अंतिम संस्कार गांव पर कर दिया गया।उनके निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया।विधायक विनोद सरोज,भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन,ईओ राकेश कुमार व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और शोक संवेदनाएं व्यक्त किया।

## महाराजपुर में महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण पहल पर समूह गठित

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** सीडीओ डॉ दिव्या मिश्रा के निर्देश पर ब्लॉक कुंडा के ग्राम पंचायत महाराजपुर मे बुधवार को स्वयं सहायता समूह गठन हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया।इस शिविर का नेतृत्व उपायुक्त स्वतः रोजगार देव कुमार यादव एवं बीडीओ प्रवीण श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना रहा।शिविर में ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक शुक्ला,ग्राम प्रधान नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं उचित दर विक्रेता के सहयोग से व्यापक स्तर पर महिलाओं को जागरुक करते हुए कुल 15 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया।इस दौरान लगभग 180 महिलाओं को समूहों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि गठित स्वयं सहायता समूहों को निरंतर मार्ग दर्शन,प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा,जिससे महिलाएं 'लखपति दीदी' योजना के तहत अपनी पहचान बना सकें और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें।

## रोजा इफ्तार पार्टी बनी कौमी एकता की मिशाल

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के गोकुला वार्ड सभासद रिजवान अहमद की रोजा इफ्तार पार्टी मे सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली।विभिन्न समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और आपसी प्रेम एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया।इफ्तार पार्टी मे जनप्रतिनिधियों,समाजसेवियों व युवाओं ने शिरकत किया,रोजेदारों के साथ पंक्ति में बैठकर खजूर,फल,शरबत और पारंपरिक व्यंजनों का लुफ्त उठाया।इफ्तार पार्टी में शरीक हुए रानीगंज विधायक डॉ आरके वर्मा,विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल,मांधाता ब्लॉक प्रमुख अशफाक अहमद,चेयरमैन अशोक कुमार यादव,सेठ जगनारायण अग्रहरि तथा मीडिया के कई साथियों ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि रमजान का महीना आत्मसंयम,त्याग और सेवा का संदेश देता है।सभी ने देश की खुशहाली,शांति और समृद्धि के लिए दुआ की।

## खबर एक नजर

### केन्द्रीय शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत,श्रावस्ती।** आगामी पर्व ईद-उल-फितर एवं नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को पहले से ही दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि त्योहार मनाने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए। जनपदवासी सौहार्दपूर्ण का परिचय देकर जैसे सभी तीज-त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया है, वैसे ही आशा है कि सभी जनपदवासी आपस में सहयोग करते हुए हिल-मिलकर इस वर्ष भी ईद के त्योहार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनायेंगे। उक्त विचार कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित केन्द्रीय शान्ति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते के दौरान जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा काम या नई परम्परा न कायम किया जाए, जिससे अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो। इसलिए सभी लोग हिल-मिलकर त्योहार मनाये तथा शान्तिपूर्ण ढंग से त्योहार सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नवरात्रि को देखते हुए देवी मन्दिरों पर विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए। नवरात्रि प्रारम्भ होने से पूर्व ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित देवी मन्दिरों पर साफ-सफाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नगरीय क्षेत्रों में स्थापित देवी मन्दिरों पर साफ-सफाई हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित किया। इसके अलावा पेयजल, सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है, ताकि दर्शन करने हेतु आने वाले श्रृद्धालुओं को कोई दिक्कत न होने पाये।

### सरकारी योजनाओं एवं साइबर अपराधों से बचाव के लिए दी गई जानकारी

**स्वतंत्र भारत,** श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के प्रभावी पर्यवेक्षण में *मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु निरंतर सघन एवं संवेदनशील कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सुरक्षित, सकारात्मक एवं जागरूक वातावरण का निर्माण सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में विद्यालयों, गांवों, कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया। महिला संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील समाधान के उद्देश्य से चौपालों का आयोजन कर व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के रूप में संवाद स्थापित कर उन्हें निडर होकर अपनी समस्याएं साझा करने एवं सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

### तरावीह के दौरान मुकम्मल हुआ कुरान

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मिहीपुरवा क्षेत्र के कंजड़वा गांव में पवित्र रमज़ान माह के दौरान चल रही तरावीह की नमाज़ सकुशल और रूहानी माहौल में संपन्न हो गई। इस मौके पर हाफ़िज़ शान मोहम्मद ने तरावीह के दौरान मुकम्मल क़ुरआन ख़त्म किया, जिसे लेकर गांव में खुशी और अकीदत का माहौल देखने को मिला। तरावीह की समाप्ति के अवसर पर हाफ़िज़ अकरम अली और कंजड़वा के इमाम वारिस अली भी विशेष रूप से मौजूद रहे। नमाज़ के बाद गांव के सम्मानित व्यक्तियों, बुजुर्गों और नमाज़ियों ने हाफ़िज़ शान मोहम्मद का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर उन्हें मुबारकबाद पेश की। इस अवसर पर समाजसेवी अतहर खान अपने साथियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने नमाज़ियों के साथ मिलकर हाफ़िज़ साहब का गर्मजोशी से इस्तक़बाल किया और उनके इल्मी व दीनी योगदान की सराहना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, भाईचारे और आपसी सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। गांववासियों ने कहा कि तरावीह में क़ुरआन ख़त्म होना कंजड़वा गांव के लिए फख्र और बरकत की बात है। कार्यक्रम के अंत में देश, प्रदेश और गांव की सलामती व अमन-चैन के लिए विशेष दुआ की ।

### तेज रफ्तार ट्रक ने उजाड़ा पूरा परिवार, मां और दो वर्षीय बेटे की दर्दनाक मौत

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। यह दर्दनाक दुर्घटना सुबह करीब 10:45 बजे नानपारा-बहराइच मार्ग पर मटेरा चौराहा के पास हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनू निषाद अपनी पत्नी मंगला और दो वर्षीय बेटे शिवा के साथ बाइक से मटेरा होते हुए बहराइच जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मंगला (पत्नी सोनू निषाद) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मासूम शिवा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में बाइक चला रहे सोनू निषाद, जो हरदी थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल रिसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। सोनू निषाद की हालत नाज़ुक बनी हुई है।इस हृदयविदारक हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं स्थानीय लोगों ने नानपारा-बहराइच मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अध्यक्ष ने विकास कार्यो का किया स्थलीय निरीक्षण



**बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने नगर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का व्यापक स्थलीय निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति,गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों की गहन समीक्षा की। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि सभी परियोजनाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप, पूर्ण पारदर्शिता के साथ तथा समयबद्ध तरीके से उत्कृष्ट गुणवत्ता में पूर्ण हों।निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने झारखंडी सरोवर,रानी तालाब शिव मंदिर,श्री हनुमान मंदिर,चौक बाजार स्थित घंटाघर तथा बुद्धा पार्क (माया होटल के निकट) सहित अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता,मानकता एवं तकनीकी प्रक्रियाओं का विशेष ध्यान रखा जाए,ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे।डॉ.सिंह ने स्पष्ट किया कि नगर के विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण भी प्राथमिकता में है।

## नौ दिवसीय नवरात्र मेला आज से प्रारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर का नौ दिवसीय नवरात्र का धार्मिक मेला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होकर नवमी तक लग रहा है।आज सुबह 9 बजे एसडीएम/मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष वाचस्पति सिंह दीप प्रज्वलन कर नौ दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगे।उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने भक्तों से कार्यक्रम मे शामिल होने का अनुरोध किया है।

## दुष्कर्म आरोप में दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली के एसआई प्रशांत कटियार ने अपहरण दुष्कर्म पॉक्सो व धर्म परिवर्तन मामले मे फरार चल रहे आरोपी अफसर अली पुत्र मुहम्मद अली निवासी पुरानी पट्टी को कलियनापुर से गिरफ्तार किया।एसआई सरनाम सिंह ने दुष्कर्म मामले मे फरार आरोपी अनुज चौरसिया पुत्र राजेंद्र प्रसाद चौरसिया निवासी रामपुर बेला को बेला गेट से गिरफ्तार किया।

# जर्जर सड़क पर गिरकर राहगीर हो रहे चोटिल



**स्वतंत्र भारत संवाद आसपुर देवसरा प्रतापगढ़।** योगी सरकार प्रत्येक गांव को पक्की सड़कों से जोड़ रही है जिससे ग्रामीणों को सुगम यातायात का लाभ मिल सके। लोक निर्माण विभाग खंड-2 अंतर्गत पट्टी विधानसभा के आसपुर देवसरा ब्लॉक अंतर्गत गौरमाफी मार्ग से भीखमपुर बैजलपुर मार्ग कई साल पहले बनाई गई थी,जिसकी हालत इस समय बेहद खराब हो चुकी है,सड़क की मोटी सफेद गिट्टियां उखड़ कर बिखरी हुई है जिस पर राहगीर व ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे है,सबसे अधिक तकलीफ रातों मे होती है।कई राहगीरों समेत स्कूली बच्चों को चोट लग गई।ग्रामीणों समेत राहगीरों ने जिम्मेदार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है,कि उक्त सड़क का नवीनीकरण कार्य करवाने का कष्ट करें,जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को सुगम यातायात का लाभ मिल सके।अधिशाषी अभियंता खंड-2 बीएम सिंह विशेष ध्यान देने का कष्ट करें।

## नववर्ष के प्रतिपदा उत्सव पर आयोजित हुआ पथ संचलन

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कुंडा द्वारा नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर वर्ष प्रतिपदा उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक व संचालन जिला कार्यवाह अजेय भाईसाहब ने किया।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डा सौरभ जी ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति,राष्ट्र और धर्म पर गर्व करना चाहिए हमारा सौभाग्य है कि हम सब संघ के स्वयं सेवक है और हमारा जन्म भारत वर्ष भूमि मे हुआ है।आद्य सर संघचालक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिन भी है,जिन्होंने संघ जैसे विशाल संगठन की स्थापना कर हिंदू समाज को एकजुट करने का कार्य किया।डॉ सौरभ ने कहा कि आज के दिन नववर्ष का शुभारंभ होता है,नववर्ष नई चेतना और प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित करने का समय है।

# सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ,नारी शक्ति का दिखा उत्साह

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आज धीरू स्पोर्ट्स स्टेडियम,बलरामपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतियोगिता का उद्घाटन कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर प्रभारी क्रीडा अधिकारी कमाल अहमद,उप क्रीडा अधिकारी प्रवेश कुमार रावत, मो. हसन कुरैशी (सचिव,बलरामपुर फुटबॉल),नागेंद्र गिरी,हिना खातून, अभय सिंह,अतीकुर रहमान (गुड्डू) सहित स्पोर्ट्स स्टेडियम,बलरामपुर के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का मंच है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा,÷आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। खेल के माध्यम से वे न केवल अपने सपनों को साकार कर रही हैं,बल्कि समाज को भी नई दिशा दे रही हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ नारी शक्ति को आगे बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने खिलाडियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश में खेलों के प्रति जागरूकता बढाने में सहायक सिद्ध होते हैं।प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही मैदान में खिलाडियों का जोश और उत्साह देखने लायक रहा। विभिन्न जनपदों से आई टीमों ने अपनी तैयारी और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

# अध्यक्ष-ईओ विवाद के बीच सफाई व्यवस्था ठप सफाई कर्मियों ने सड़कों पर फैलाया कूड़ा

**स्वतंत्र भारत रुपईडीहा बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा इन दिनों भारी अव्यवस्था और गंदगी की समस्या से जूझ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशासी अधिकारी (ईओ) रामबदन के बीच चल रहे विवाद का खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले कई महीनों से दोनों अधिकारियों के बीच मनमुटाव चला आ रहा है, जो अब गंभीर रूप ले चुका है। इसी तनाव के चलते मंगलवार को नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने जिला अधिकारी, बहराइच कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष द्वारा उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है और आवश्यक सफाई उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए जा



रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार सुबह से सफाई कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन उग्र एवं तेज कर दिया। उन्होंने झाड़ू और अन्य उपकरणों के साथ कस्बे में सफाई कार्य का बहिष्कार कर दिया। पहले तो सफाई नहीं की गई, फिर जगह-जगह जमा कूड़े को सड़कों पर बिखेर दिया गया। इतना ही नहीं, कूड़ेदानों को उठाकर नगर पंचायत कार्यालय के गेट और अध्यक्ष के आवास के सामने फेंक दिया गया। चौराहों पर भी कूड़ा फैलाकर विरोध दर्ज कराया गया। इस स्थिति के कारण पूरे कस्बे में दुर्गंध फैल गई है और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। इस बीच बुधवार सुबह 11 बजे नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने आरोप लगाया कि यह पूरा घटनाक्रम अधिशासी अधिकारी रामबदन के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि ईओ कई महीनों से कार्यालय नहीं आ रहे थे और बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण उनका दो माह का वेतन रोका गया था। इसी वजह से वे सफाई कर्मियों को भड़काकर व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं।बगैर मेरी जानकारी के नगर पंचायत कार्यालय अन्यत्र नई बिल्डिंग में स्थानांतरित करना चाहते है यहां तक कि कार्यालय का फर्नीचर भी बगैर जानकारी के वहां लेकर चले गए जबकि अभी तक उस बिल्डिंग का उद्घाटन भी नहीं हुआ है। वहीं, अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव ने इन आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी कार्यालय पहुंचने के बाद मिली। उन्होंने सफाई कर्मियों को समझाने का प्रयास किया है।

# 9 दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन

**स्वतंत्र भारत, श्रावस्ती,** । उत्तर प्रदेश सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में 09 दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 जिलाध्यक्ष डा0 मिश्रीलाल वर्मा, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। जिसका माननीय जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने भ्रमण कर अवलोकन भी किया। इस दौरान मा0 जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 07 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं निक्षयमित्र पहल अभियान के तहत 05 मरीजों को पोषण किट का वितरण किया। इसके अलावा कार्यक्रम में जनपद के स्थानीय कलाकार राजकुमार एवं अपर जिलाधिकारी के आशुलिपिक के0के0 वैश्य द्वारा भक्तिगीत प्रस्तुत किये गये, जिस पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मा0 जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी जी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षो में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूती प्रदान की जा रही है। यही प्रदेश है जहां किसान पहले आत्महत्या करता था, युवा के सामने पहचान का संकट था, इसी प्रदेश में दंगे अराजकता था..। प्रदेश वही है, लेकिन मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व वाली इस सरकार में बदलाव को महसूस किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आज सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' पूर्ण होने के अवसर पर 09 वर्षो के दौरान जनपद की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें विगत नौ वर्षो में जनपद की जो उपलब्धियां रही है, उनकी प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों के स्टाल भी लगाये गये है, जिसमें सम्बन्धित विभागों के द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ ले सकते है। मेले में स्वास्थ्य विभागों के कैम्प भी लगाये गये है, जहां लोग अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उपचार करा सकते है।

# ईद को लेकर प्रशासन सतर्क, क्षेत्राधिकारी ने किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत रूपईडीहा बहराइच।** आगामी ईद पर्व के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने रूपईडीहा क्षेत्र का दौरा कर प्रमुख धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चकिया रोड स्थित ईदगाह एवं जामा मस्जिद रूपईडीहा पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जामा मस्जिद एवं ईदगाह के इमाम हाफिज कसीद से मुलाकात कर ईद की नमाज से संबंधित तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। क्षेत्राधिकारी ने इमाम से कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा हो तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और शांतिपूर्ण तरीके से ईद का त्योहार संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।इस दौरान थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत अपने पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 103 जोड़े वैवाहिक बन्धन में बन्धे

**स्वतंत्र भारत सरांय अकिल कौशाम्बी।** जनपद में प्रदेश सरकार के ह्लनव निर्माण के नौ वर्षह्व पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवं सदस्य उ0प्र0 अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग जितेन्द्र कुमार ने भागवत सुन्दर रिसार्ट, सरायंअकिल में आयोजित भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 103 जोड़े वैवाहिक बन्धन में बन्धे। जिसमें 01 जोड़ा मुस्लिम समुदाय से सम्मिलित रहा। समारोह में वैदिक मन्त्रोच्चार एवं सभी धर्मो के पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया।



भाजपा जिलाध्यक्ष, सदस्य उ0प्र0 अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग एवं शिव मोहन मौर्य ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से सुखमय, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कॉमना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत प्रति जोड़ा एक लाख रूपए का प्राविधान किया गया है। जिसमें 60 हजार रूपए कन्या के खाते में हस्तान्तरित किया जाता है, 25 हजार रूपए से घरेलू सामान दिया जाता है एवं 15 हजार रूपए आयोजन पर व्यय किया जाता है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यन्त लाभकारी है।

# प्रयागराज स्टेशन पुनर्विकास, दिल्ली-वाराणसी हाई-स्पीड कॉरिडोर एवं जनरल कोच स्वच्छता योजना पर संसद में अश्विनी वैष्णव का विशेष जोर

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** माननीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में अनुदान की मांग 2025-26 पर चर्चा के दौरान भारतीय रेल को सशक्त बनाने एवं यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण पहल एवं विकासात्मक योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की।

अपने संबोधन में माननीय मंत्री ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन के चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों को स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रमुख हब के रूप में विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हाल के वर्षों में इस स्टेशन के विकास को अभूतपूर्व गति मिली है, जो पहले कभी इस स्तर पर नहीं देखी गई। स्टेशन को आधुनिक अवसंरचना, उन्नत यात्री सुविधाओं, बेहतर सुगम्यता तथा प्रभावी भीड़ प्रबंधन प्रणाली से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि विशेषकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान बढ़ती यात्री संख्या को सुचारु रूप से संभाला जा सके। मंत्री ने सदन को प्रस्तावित दिल्लीङ्खवाराणसी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (बुलेट ट्रेन परियोजना) के बारे में भी अवगत कराया, जो यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी लाने के साथ-साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर उत्तर भारत के प्रमुख शहरों के बीच आर्थिक विकास, पर्यटन और तीव्र आवागमन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



इसके अतिरिक्त, अश्विनी वैष्णव ने सभी रेलवे जोनों में स्वच्छता मानकों को सुदृढ़ करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया, विशेष रूप से जनरल कोचों पर ध्यान केंद्रित करते हुए। उन्होंने बताया कि जनरल कोचों की व्यवस्थित सफाई सुनिश्चित करने हेतु सभी जोनों में एक समग्र मास्टर प्लान तैयार कर लागू किया जा रहा है, जिसमें बेहतर निगरानी तंत्र, उन्नत ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सेवाएं एवं यात्री जागरूकता अभियानों को शामिल किया गया है, ताकि सभी वर्गों के यात्रियों को स्वच्छ एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके।

अनुदान की मांग के दौरान प्रस्तुत ये पहल भारतीय रेल के आधुनिकीकरण, सेवा गुणवत्ता में सुधार तथा यात्री-केंद्रित विकास के प्रति उसकी सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## नवनिर्वाचित नामित सभासद लाल बहादुर साहू का जोरदार स्वागत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रदेश सरकार द्वारा नामित नवनिर्वाचित सभासद लाल बहादुर साहू के सम्मान में उनके निवास स्थान पर स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। बताया गया कि लाल बहादुर साहू पिछले लगभग 40 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के एक कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिला अध्यक्ष जमुनापार राजेश शुक्ला के आशीर्वाद से उन्हें सभासद के पद पर मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे निष्ठावान और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना पार्टी का सराहनीय कदम है। प्रदेश नेतृत्व को बधाई देते हुए संजय श्रीवास्तव ने कहा कि ह्लजो कार्यकर्ता वर्षों से बिना किसी स्वार्थ के पार्टी की सेवा करते हैं, उन्हें सम्मान मिलना अत्यंत आवश्यक हैह्व उन्होंने यह भी कहा कि लाल बहादुर साहू ने कभी किसी अन्य दल का रुख नहीं किया और सदैव भाजपा का झंडा ऊंचा रखते हुए संगठन के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखी। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी राजेश साहू, मुकेश कुमार पाठक, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, बाबूजी यादव, गुलाब कुशवाहा, राणा श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर लाल बहादुर साहू का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नव नियुक्त सभासद को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



## नगर पंचायत सिराथू में स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु आयोजित की गयी कार्यशाला

**स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 18 मार्च 2026 को अधिशासी अधिकारी के आदेश के अनुपालन में नगर पंचायत सिराथू के सभागार में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों हेतु नगर पंचायत के सहयोग से आईटीसी मिशन सुनहरा कल टीम द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ ,डीपीएम राजन चौबे तथा बाबू दीप कमल,बबलू यादव, ओम प्रकाश आदि आई टी सी मिशन सुनहरा कल से सुभाष द्विवेदी, विकास तिवारी की उपस्थिति में समस्त सफाई नायक को ऋ्रउ, डउऋ+, डोर टू डोर, कूड़े के एकत्रीकरण एवं, पृथक्करण, कूड़ा प्रोसेसिंग, शहर के समस्त क्षेत्रों में साफ सफाई की दृश्यता, तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की गाइड लाइन के समस्त बिन्दुओं के बारे में,सिटीजन फीडबैक, क्यउ/इउउ, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय, रेड एवं येलो स्पॉट आदि समस्त बिन्दुओं पर जानकारी दी गई कि कैसे इन क्षेत्रों में बेहतर कार्य करके शहर की साफ सफाई में एवं स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में सुधार लाया जा सकता है।

# प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने के अवसर पर लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित

**लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण**

**महेन्द्र शुक्ल स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जनपद में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा एवं निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता ने प्रदेश सरकार के ह्लनव निर्माण के नौ वर्षह्व पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का फीता काटकर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य द्वारा उद्घाटन किया गया एवं स्टॉलों का अवलोकन किया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया व बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी कविता पासी व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, निवर्तमान विधायक एवं सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने प्रदेश सरकार के ह्लनव निर्माण के नौ वर्षह्व पूर्ण होने के अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित वृहद ऋण मेला कार्यक्रम में सीएम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों-प्रभाकर सिंह, विनीत कुमार, सूरज कुमार, अनिल सिंह, राजकुमार, मो0 रफीक, अंकित कुमार यादव, रामसिंह, साहिल कुमार एवं सुभाष चन्द्र आदि को डमी चेक/स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया।




निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की सुशासन के नौ वर्ष पूर्ण हुए हैं। प्रदेश सरकार ने इन नौ वर्षों में विकास के अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। सरकार समाज के सभी वर्गा के कल्याण के लिए कार्य कर रहीं है। उन्होंने युवा उद्यमियों से कहा कि सरकार द्वारा अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें। सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ी है।

सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष-2047 तक देश को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प में देश की आधी आबादी भी अपना भरपूर योगदान कर रहीं है। सरकार द्वारा समाज के हर वर्गों के कल्याण एवं हर क्षेत्रों में विकास के अनेक कार्य किये गये हैं। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि सरकार द्वारा संचालित ऋण योजनाओं से समाज के अंतिम पायदान तक के व्यक्ति को लाभान्वित किया जाय। विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाय। प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का उदयन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित लागों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के उद्बोधन को सुना गया।

# कठौली के पूर्व प्रधान पप्पू शर्मा के अनुरोध पर सांसद उज्जवल रमण ने लोकसभा में उठाया अंडरपास मुद्दा

**कहा – रेल विभाग के अधिकारियों की मनमानी और अड़ियल रवैए से कठौली गांव के ग्रामीणों के सामने है आवागमन की गंभीर समस्या शीघ्र ही किया जाय अंडरपास पुल का निर्माण**

**स्वतंत्र भारत मेजा प्रयागराज।** ग्राम पंचायत कठौली के समीप दिल्ली - हावड़ा रेल मार्ग पर स्थित फाटक रेल विभाग के अधिकारियों की मनमानी एवं अड़ियल रवैए के चलते बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों के समक्ष आवागमन हेतु बना वर्षों पुराना अंडरपास निर्माण मांग मुद्दा को लेकर ग्रामीणों में एक बार नई उम्मीद जगी है। कठौली गांव के पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू भईया जी) के बार बार अनुरोध पर प्रयागराज के बहुचर्चित एवं लोकप्रिय सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने बीते 16 मार्च 2026 को इस बेहद अहम मुद्दे को देश की सदन (लोकसभा) में प्रमुखता से उठाया है जो काफी सुर्खियों में बना रहा। उन्होंने ग्रामीणों के आवागमन को



बाधित करने में रेल अधिकारियों की मनमानी एवं उनके अड़ियल पन का लोकसभा भवन में उपस्थित स्पीकर महोदय, रेल मंत्री तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के सामने पूरे जोर शोर से विस्तार पूर्वक जिक्र किया और कठौली फाटक संख्या 26 सी / 3 ई पर ग्रामीणों की इस समस्या के समाधान हेतु अविलंब अंडरपास निर्माण कराने का आग्रह किया। इतना ही नहीं प्रयागराज सांसद ने यमुनापार में कठौली गांव के अलावा कई अन्य स्थानों पर भी अंदरपार और ओवरब्रिज निर्माण के साथ मांडा और मेजारोड रेलवे स्टेशनों पर यात्री ट्रेनों के ठहराव का भी मुद्दा उठाया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा देश भर में चलाई जा रही योजनाओं के बाद भी कठौली फाटक गांव पर अंडरपास एवं फ्लाई ओवरब्रिज न बनाया जाना सरकार की योजनाओं पर जहां बड़ा सवाल का परिणाम है कि कठौली के ग्रामीणों को वर्षों से इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है जबकि इस गंभीर समस्या को लेकर कठौली गांव के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भईया जी) के नेतृत्व और मार्गदर्शन में कई बार रेल विभाग और शासन प्रशासन के विरुद्ध बड़ी संख्या में कठौली और समहन गांव के ग्रामीणों धरना प्रदर्शन करते हुए अंडरपास अथवा फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण की मांग की थी रेल विभाग का जिम्मेदार महकमा और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर आकर पूरा आश्वाशन भी दिए थे लेकिन लोगों की आशा और उम्मीद पर अधिकारियों के झूठे आश्वाशन ने पानी पानी फेर दिया था। ऐसे में कठौली गांव के समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान पप्पू टिकैत ने हार नहीं मानी और लगातार प्रयागराज के लोकप्रिय सांसद के संपर्क में रहकर अंडरपास निर्माण हेतु विनम्र अनुरोध के साथ अथक प्रयास करते रहे जिसका नतीजा है कि सांसद उज्जवल रमण सिंह द्वारा गत दिनों देश की लोकसभा में मुद्दा उठा और कठौली के ग्रामीणों में एक बार फिर अंडरपास निर्माण को लेकर नई आशा एवं उम्मीद जगी है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज सांसद श्री सिंह के इस सराहनीय पहल से कठौली गांव के लोग बेहद उत्साहित हैं और आनन फानन में समाजसेवी पप्पू टिकैत भईया के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित कर सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह आभार जताते उन्हें बधाई दिया है।

# डीएम ने निर्माणाधीन रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग एवं सोशल सेक्टर की समीक्षा बैठक

**महेन्द्र शुक्ल स्वतंत्र भारत ब्यूरो कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कार्यालय कक्ष में निमार्णाधीन रामवन गमन मार्ग व प्रयागराज एयरपोर्ट-कौशाम्बी मार्ग एवं सोशल सेक्टर की समीक्षा बैठक की।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, लो.नि.वि. निर्माण खण्ड दयाशंकर से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी से समन्वय कर भूमि से सम्बन्धित समस्याओं को निस्तारित कराते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराया जाये।

जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग व दिव्यांगजन सशक्तिकरण की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालयों में कराए जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार को वृद्धाश्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को निस्तारित कराकर पात्रों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिये।



## डीएम ने की बाल कल्याण समिति की समीक्षा बैठक

**कौशाम्बी।** डीएम डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड की समीक्षा बैठक की। बैठक में सदस्य, बाल कल्याण समिति ने बताया कि परिवार में पुनर्वासित 41 बच्चों तथा संस्थानों में आवासित 26 बच्चे का फॉलोअप लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माह फरवरी में 09 नये मामले आये हैं, जिसमें से 04 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने बाल कल्याण समिति को निर्देशित किया कि देखरेख एवं संरक्षण से सम्बन्धित परिवार में पुनर्वासित बच्चों का नियमानुसार फॉलोअप करते हुए लम्बित प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारित किया जाये। वन स्टाप सेन्टर में आवासित पीड़िताओं के पुनर्वासन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराते हुए उनका पुनर्वासन कराया जाय। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार को उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनान्तर्गत लम्बित प्रकरणों में नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कंटेनर गाड़ी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**स्वतंत्र भारत फाफामऊ।** थरवई थाना क्षेत्र के डेरागदाई गांव के सामने हाईवे पार कर रहा बुजुर्ग की कंटेनर गाड़ी की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल हों गया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजन इलाज के लिए अस्पताल लें गए जगत डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों मे कोहराम मच गया। डेरागदाई गांव का राम नाथ गौतम उम्र करीब 80साल वुधवार दोपहर मे पैदल हाईवे क्रास कर रहे थे तभी सहसों की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर गाड़ी टक्कर मारते हुए भाग गईं। टक्कर लगने से राम नाथ गौतम गंभीर रूप से घायल हों गए घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजन एम्बुलेंस से इलाज के लिए सोराँव सीएचसी लें गए। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने एसआरएन भेज दिए । जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# होली मिलन में अधिवक्ताओं ने किया रंगोत्सव का आनंद

**पूर्व संयुक्त सचिव प्रशासन अभिषेक तिवारी की ओर से गंगोत्री गार्डेन में होली मिलन आयोजित**

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित गंगोत्री गार्डेन में बुधवार को अधिवक्ता होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। होली मिलन समारोह का आयोजन हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त सचिव प्रशासन अभिषेक तिवारी की ओर से आयोजित किया गया। अधिवक्ता अभिषेक तिवारी ने इस मौके पर अधिवक्ताओं को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर आयोजित होली मिलन में भव्यता, अनुशासन और उत्साह देखने को मिला। दो चरणों में आयोजित होली मिलन में अधिवक्ता समुदाय की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें महिला अधिवक्ताओं की विशेष और सराहनीय भूमिका रही। इस दौरान महिला अधिवक्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए आयोजन को गरिमामय बनाया। उनके सहयोग, सहभागिता और उत्साह ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा प्रदान की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने आपस में अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली।



अधिवक्ताओं के बीच आपसी सौहार्द, भाईचारा और एकता की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ होली मिलन का आनंद लिया। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ साथ आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। देर रात तक अधिवक्ताओं ने रंगोत्सव का आनंद लिया।इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे, महासचिव अखिलेश शर्मा, अपर महाधिवक्ता महेश चंद्र चतुर्वेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा, वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेंद्र नाथ सिंह, पूर्व महासचिव अशोक सिंह, मुख्य स्थाई अधिवक्ता आलोक त्रिपाठी, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शीतला प्रसाद गौड़, पूर्व महासचिव डा सी पी उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष सी एल पांडेय, विवेक राय, हरी शुक्ला, विक्रांत पांडेय, मनीष द्विवेदी, सर्वेश सिंह, विवेक तिवारी, ऊष्मा मिश्रा, मंजू सिंह, रश्मि त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

# महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में अभिभावक-शिक्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी, प्रयागराज।** महर्षि विद्या मन्दिर, नैनी में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सशक्त सहयोग सुनिश्चित करना था।





कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूपूजन परंपरा एवं ध्यान के साथ हुआ। इसके उपरांत संगीत शिक्षिका प्रतिमा त्रिपाठी ने भजन प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं आनंदमय हो गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या गीता अरोरा ने अभिभावकों का स्वागत किया और कहा कि प्रत्येक बच्चा अपने माता-पिता के लिए अनमोल होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के सही मार्गदर्शन के साथ उनकी पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों पर निरंतर ध्यान दें। उन्होंने यह भी कहा कि हर बच्चे में असीम संभावनाएँ होती हैं, जिन्हें सही दिशा, प्रेरणा और सहयोग की आवश्यकता होती है। शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से ही बच्चों का समग्र विकास संभव है।

इसके पश्चात अर्चना श्रीवास्तव, सुश्री हेमलता सिंह, साधना शुक्ला, अंशु अरोरा, अनिल शर्मा, आकृष्ट शर्मा एवं अविनाश शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान जैसे विषयों में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया तथा कक्षा में प्रश्न पूछने की आदत विकसित करने पर जोर दिया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ सके।

कार्यक्रम का सफल संचालन उद्घोषक रजनीश गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्या गीता अरोरा ने सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि सभी के सहयोग से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा और विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

# नामित पार्षदों का हुआ स्वागत अभिनंदन

**कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य धरोहर : महानगर अध्यक्ष**

**स्वतंत्र भारत प्रयागराज।** बुधवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रयागराज नगर निगम के नव नियुक्त सभी दस नामित पार्षदों का स्वागत अभिनंदन किया। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने अंग वस्त्र पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर पार्षदों का स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान नामित पार्षदों ने अपने अपने संगठनात्मक दायित्वों कार्यों के अनुभव को भी पार्टी कार्यकताओं के बीच बांटा। इस अवसर पर भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि संगठन ने आपके कामों को जांचा परखा और आपको नामित पार्षद के रूप में सम्मान दिया। कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य धरोहर हैं। काम के बल पर हम कहीं भी पहुंच सकते हैं। नामित पार्षदों में सभी एक साधारण कार्यकर्ता और अपने काम के बल पर यहां तक पहुंचने वाले हैं। पार्टी के लिए काम करने वाला कार्यकर्ता सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यकताओं के दम पर आज संगठन इस मुकाम पर है। अभी 15 मार्च को आयोजित हुए होली एवं बसंतोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकताओं का अथाह परिश्रम रहा इसके लिए समस्त कार्यकर्ता आभार के पात्र हैं। नामित पार्षदों से ये पूरी उम्मीद व विश्वास है कि वे जनता के प्रति अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभायेंगे।




**इन नामित पार्षदों का हुआ स्वागत अभिनंदन**–स्वारिका भरद्वाज शिवगनगर कालोनी, श्याम चंद्र हेला राजापुर, दुर्गेश नंदिनी काला डांडा हिम्मत गंज, राजेश कुशवाहा खुल्दाबाद, अखिलेश सिंह राजरूपपुर, बब्बन प्रजापति कृष्णा नगर कीडगंज, दिलीप केसरवानी काजीपुर नैनी(प्रयागराज महानगर), प्रवीण भारतीय नेवादा हास्टिंग रोड, अरुण कुमार मिश्रा आवास विकास कालोनी झूंसी व लाल बहादुर साहू टीएसएल नैनी से नवनियुक्त नामित पार्षद के रूप में स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। डॉ शैलेष पांडेय, प्रमोद मोदी, राजेश गोंड, विजय श्रीवास्तव, वंदना सिंह, शिखा रस्तोगी, मनोह कुशवाहा, पूर्व पार्षद प्रवक्तापवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, दीप द्विवेदी, सुजीत कुशवाहा, मोहित गुप्ता, अमन शर्मा, आनंद दुबे आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत
यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नए मुहाने

पश्चिम एशिया में धधक रहे युद्ध के ज्वालामुखी के नित नए खुलते मुहानों से अब चिंता यह खड़ी हो गई है कि यह आग बुझेगी भी या इस क्षेत्र के साथ पूरी दुनिया के सामने भी भीषण संकट खड़ा कर देगी। इस युद्ध में आम लोगों की जानें तो जा ही रही हैं, उससे भी नाजुक पक्ष परमाणु ठिकाने और तेल कुएं-रिफाइनरियां है जिन्हें निशाना बनाने की धमकियों का दौर तेज होता गया है। अगर ये हकीकत में बदल गई तो तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं संकट में पड़ेंगी ही, परमाणु प्रकोप से मानवता और पर्यावरण भी खतरे में आ जाएगा। इस समय भी दोनों पक्षों की ओर से चल रही मिसाइलें बड़े पैमाने पर जानमाल को नुकसान पहुंचा रही हैं। विडंबना यह है कि युद्ध खत्म करने की आवाज़ें बारूद की धमक में ऐसे दब गई हैं जैसे उनका कोई मतलब ही नहीं। एक और डरावना पहलू यह भी है कि युद्ध में अंतरराष्ट्रीय नियम कानूनों की जमकर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मानवीयता का तो इसमें कोई मुद्दा ही नहीं रह गया है। इसे लेकर दुनिया भर में जताई जा रही चिंताएं किसी भी मायने की नहीं रह गई हैं। दूसरी ओर तेल ठिकानों पर दोनों पक्षों की ओर से हमले बढ़ गए हैं। इस पूरी विभीषिका को अमल में लाने के लिए अजीबोगरीब कुतर्कों का सहारा लेकर खुद को सही ठहराया जा रहा है। गाजा,ऊ लेबनान, ईरान और बीच-बीच में यूएई जैसे कुछ खाड़ी के देश- तबाही का यह सिलसिला जिस ढंग से पूरे क्षेत्र को अपनी जकड़न में ले रहा है, उसके बाद कोई उम्मीद बचती दिखाई नहीं देती। उस पर अमेरिका-इजरायल द्वारा आए दिन जताए जा रहे अपने विनाशकारी मंसूबे और उसी तेवर में ईरान के जवाब क्या किसी बातचीत की गुंजाइश बचाते हैं? इस युद्ध की यही सबसे बड़ी त्रासदी है कि जिस मानवता को बचाने की दुहाई देकर इसे शुरू किया गया, उसी मानवता की मानवता के वर्तमान और भविष्य को लेकर बेहद खतरनाक दांव लग रहे हैं। उन्नीस दिनों की विभीषिका के असर से दुनिया तो सहमी हुई है ही, अगर और लंबा खिंचा तो हालात की भयावहता शायद कल्पना से परे होकर सामने आएगी। अपना तब दबदबा कायम करने की या जंग वास्तव में सदियों पहले की कबायली संस्कृति का ही परिवर्धित स्वरूप है। तब भी ताकतवर सबको पस्त करता था और आज भी सारी जद्दोजेहद उसी जिद को लेकर है। देखना यह है कि आज की सबसे बड़ी महाशक्ति का अहम दुनिया को किस ओर धकेलता है और उसके बाद कोई रास्ता बचता भी है या नहीं?

## अस्पतालों में आग

मानव जीवन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अस्पताल जितनी संवेदनशील जगह हैं, उनके रखरखाव में उतनी ही गंभीर लापरवाहियां बरती जाती हैं। इसका ताजा उदाहरण ओडिशा में कटक के सरकारी अस्पताल में आग लगने से बारह मरीजों की मृत्यु है। लेकिन यूपी की राजधानी लखनऊ में भी अस्पताल उतने ही असुरक्षित हैं। इनमें भी सुरक्षा संबंधी सभी नियम ताक पर रखे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ के नौ सौ से अधिक निजी अस्पतालों में से छह सौ नवाबी अस्पताल बिना पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए चलाए जा रहे हैं। इनमें भी कई अस्पताल तो संकरी गलियों, दुकानों और किन शेड वाले काम्प्लेक्स में चल रहे हैं जहां प्रवेश और निकास का रास्ता एक ही है। ऐसी स्थिति में आग लगने पर जान बचाना लगभग असम्भव होगा। मजाक तो यह है कि सुरक्षा के नियम बेहद कड़े होने के बावजूद उनका पालन करने के नाम पर केवल खेल होता है। ऐसा कोई उदाहरण नहीं है कि नियमों का पालन न करने पर किसी अस्पताल पर प्रभावी रोक लगाई गई या उसका संचालन रोका गया हो। अगर कोई मामला सामने आया तो नोटिस जारी करने की खानापूर्ति कर बड़े-बड़े जिम्मेदार किनारे हो जाते हैं। अगर बात बढ़ी तो 'जांच की जा रही है' का जुमला दोहरा कर चैन से बैठ जाते हैं। हर घटना के बाद यही प्रहसन होता है। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यह सब संबंधित विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और सांठगांठ के बिना संभव है। यही यह बात फिर साबित होती है कि चिकित्सा अब विशुद्ध व्यवसाय-कारोबार है और इसमें सबसे महत्वपूर्ण मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा मुनाफा है। नतीजा यह है कि अस्पतालों में आग के हादसे लखनऊ ही नहीं बल्कि झांसी, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और जयपुर आदि जगहों पर हो चुके हैं लेकिन अग्नि सुरक्षा मानक आज तक सुनिश्चित नहीं कराए जा सकें। इस ओर सरकारों को भी ध्यान देना चाहिए कि जन सुरक्षा को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए ताकि सार्वजनिक सेवाओं में आम लोगों का भरोसा बना रह सके तथा अकारण कोई जनहानि न होने पाए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अर्थव्यवस्था को भी गति देती है आस्था-योगी**
राजनीति तो एक कदम न चले आस्था के बिना!

**इजरायली हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख की मृत्यु**
हम ईरान से तेल लेकर इजरायल के साथ हैं !

**बिल्कुल घबरायें नहीं,घर पर ही मिलेगा सिलेंडर**
जैसे कोरोना में सबको आक्सीजन मिली थी!

**केसी त्यागी का जनता दल युनाइटेड से इस्तीफा**
समझदार लोग डूबती नाव की सवारी नहीं करते!

**पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हवाई हमला**
पाक को इस्लाम का किला बनाने चले थे जिन्ना!

**महापुरुषों को भुनाने में जुटी हैं सपा और बसपा**
भुने हुए महापुरुष नेताओं को स्वादिष्ट लगते हैं!

♦♦♦

# नव संवत्सर : समन्वय का पर्व

**हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है।**



-डा. मनमोहन प्रकाश

हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है।

भारतीय चिंतन की सबसे बड़ी विशेषता समय को रेखीय न मानकर चक्रीय मानना है। यहाँ हर अंत, एक नए आरंभ का सूत्रपात है। नव संवत्सर इसी शाश्वत चक्र की याद दिलाता है। यह संदेश है कि जीवन में परिवर्तन और नवीनीकरण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। अतः यह दिवस उत्सव मनाने के साथ-साथ, अपने विचारों और कर्मों को नए सिरे से परिभाषित और परिष्कृत करने का अवसर है।

सनातन परंपरा के अनुसार, इसी पावन तिथि को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया था। प्रकृति की दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। चैत्र मास में वसंत ऋतु अपने चरमोत्कर्ष पर होती है; वृक्षों में नई कोपलें फूटती हैं और खेतों में फसलें लहलहाती हैं। प्रकृति के इस परिवर्तन को भारतीय संस्कृति ने केवल एक खगोलीय घटना नहीं, बल्कि जीवन के 'पुनर्जागरण' के रूप में स्वीकार करने का संदेश दिया है। यह पर्व प्रकृति और मनुष्य के बीच उस गहरे भावनात्मक संबंध यानी 'संवेदना' को पुनर्जीवित करता है। धार्मिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसी तिथि से 'वासंतिक नवरात्रि' का शुभारंभ होता है। नौ दिनों की यह शक्ति-उपासना प्रत्येक मानव को साधना, संयम और आत्म-अनुशासन का मार्ग दिखाती है। यह समय बाहरी कोलाहल के बीच आंतरिक जागरण और सकारात्मक ऊर्जा के संचय का है, जिससे हम एक अनुशासित जीवन जीने का संकल्प ले सकें।




भारत की विशाल सांस्कृतिक विविधता में यह नववर्ष का प्रथम दिवस अलग-अलग नामों और रूपों में रचा-बसा है। महाराष्ट्र में इसे 'गुड़ी पड़वा', आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 'उगादि', कश्मीर में 'नवरेह' और सिंधी समाज में 'चेटी चंड' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। संकेत स्पष्ट है कि विशाल भारत में भले ही नाम और रीतियाँ भिन्न हों, लेकिन समय के स्वागत और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना सर्वत्र एक समान है। आज के तकनीकी और भौतिकवादी युग में इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह नव संवत्सर हमें याद दिलाता है कि वास्तविक प्रगति केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से मापी जाती है। इस पवित्र पर्व के दिन यदि हम प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व, समाज में सह-अस्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लें, तो यह पर्व एक परंपरा से आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य की नींव बन सकता है। नव संवत्सर हमें यह स्मरण भी कराता है कि प्रत्येक नया वर्ष केवल तारीखों का बदलना नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का एक ईश्वरीय आमंत्रण है। आइए, इस पावन अवसर पर हम सब भारतीय समय और सृष्टि के साथ कदम मिलाते हुए एक श्रेष्ठ समाज एवं आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेते हैं। मेरा ऐसा मानना है कि विश्व के लोग यदि इस पर्व के मर्म को समझ पाते, तो आज जो वैश्विक अशांति और युद्ध का वातावरण व्याप्त है, उससे मुक्ति मिल जाती और 'विश्व बंधुत्व' की भावना को बल मिलता।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### सप्तम् अध्याय

(गतांक से आगे

लोग मुझे साधारण व्यक्ति समझकर नहीं भजते; क्योंकि मैं योग-प्रक्रिया द्वारा ढँका हुआ हैं। अनुष्ठान करते-करते योगमाया का आवरण पार करने वाले ही मुझ शरीरधारी को भी अव्यक्त रूप में जानते हैं, अन्य स्थितियों में नहीं। मेरे भक्त चार प्रकार के हैं- अर्थार्थी, आर्त, जिज्ञास और ज्ञानी। चिन्तन करते-करते अनेक जन्मों के अन्तिम जन्म में प्राप्तिवाला ज्ञानी मेरा ही स्वरूप है अर्थात् अनेक जन्मों से चिन्तन करके उस भगवत्स्वरूप को प्राप्त किया जाता है। राग-द्वेष के मोह से आक्रान्त मनुष्य मुझे कदापि नहीं जान सकते- किन्तु राग-द्वेष के मोह से रहित होकर जो नियतकर्म (जिसे संक्षेप में आराधना कह सकते हैं) का चिन्तन करते हुए जरा-मरण से छूटने के लिये प्रयत्नशील हैं, वे पुरुष सम्पूर्ण रूप से मुझे जान लेते हैं। वे सम्पूर्ण ब्रह्म को, सम्पूर्ण अध्यात्म को, सम्पूर्ण अधिभूत को, सम्पूर्ण अधिदैव को, सम्पूर्ण कर्म को और सम्पूर्ण यज्ञ के सहित मुझे जानते हैं। वे मुझमें प्रवेश करते हैं और अन्तकाल में भी मुझको ही जानते हैं अर्थात् फिर कभी वे विस्मृत नहीं होते। इस अध्याय में परमात्मा की समग्र जानकारी का विवेचन है, अतः- तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'समग्रबोधः' नाम सप्तमोऽध्यायः ।।7।। इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद में 'समग्र जानकारी' नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण होता है। इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थगीता' भाष्ये 'समग्रबोधः' नाम सप्तमोऽध्यायः ।।7।। इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'समग्र जानकारी' नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्त्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।।**

इस संसार-सागर में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए ब्राह्ममणों के सामने विनम्र तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं गर्वित रहते हैं , उनका कभी उद्धार नहीं होता।

♦♦♦

# रसोई गैस संकट : इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये?



-निर्मल रानी

अमेरिका, इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ़ नज़र आने लगा। अमेरिका,इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ में शिपिंग रुक गई है ।ग़ौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90त्न तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुये कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गयी है। इस दौरान रसोई गैस के लिये जगह जगह लोगों की क़तारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की ख़बरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की क़िल्लत की शंका से दहशत फैल गयी। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90 प्रति. होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5.7 ट्रिलियन रुपये टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को ख़तरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुये रोटी, डोसा, पूरी, फ़्राई सामग्री, चाय-कॉफ़ी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाये केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हज़ारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से बंद हो गये । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज़्यादा मार भोपाल में पड़ी जहाँ 40प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुये। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ़ स्टॉक होने की ख़बरें आई हैं।



इस संकट का सामना करने के लिये सरकार द्वारा रिफ़ाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थायी अनुमति भी दी गयी है । यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोज़गारी का ख़तरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिये गये उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का ज़िक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि - एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के ज़रिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फ़ार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुये अनेक लोगों की वीडिओ भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाक़ायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के ज्ञान से प्रभावित व प्रेरित तमाम लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में 'अनपढ़ राजा' कहकर मोदी का मज़ाक़ उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी 'दिव्य ज्ञान ' के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुये उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद व पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नाले की गैस से चाय बनाने' वाले पुराने बयान का व्यंग्यात्मक उल्लेख करते हुए सरकार पर तीखा तंज़ किया और गैस संकट पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर प्रधानमंत्री की इस 'गटर गैस' वाली सोच को गंभीरता से लेकर उस पर शोध किया होता, तो आज देश में एलपीजी की ऐसी कमी और सिलेंडर के दामों में यह भारी बढ़ोतरी नहीं देखनी पड़ती। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सरकार दावा करती है कि कोई बड़ा संकट नहीं है, तो फिर एलपीजी सिलेंडर के दाम क्यों बढ़ाए गए हैं और ग़रीब व मध्यम वर्ग पर इतना बोझ क्यों डाला जा रहा है।

## प्रेरक प्रसंग

### अमर फल

एक धार्मिक व्यक्ति था। एक दिन उसने अपने लड़के को कुछ पैसे दिये और कहा, जा, बाजार से कुछ फल ले आ।

लड़का पैसे लेकर चला। वह सोचता जा रहा था कि क्या-क्या फल खरीदेगा, तभी देखता क्या है कि रास्ते के एक तरफ को एक आदमी बैठा है। उसके तन पर चिथड़े लिपटे हुए हैं और वह भूख से छटपटा रहा है।

बालक का हृदय द्रवित हो गया। वह दौडा हुआ बाजार गया और उसकी जेब में जो पैसे थे, उनसे खाने की चीजें लाकर उस भूखे को दे दीं। खाना पाकर उस आदमी की हैरानी दूर हो गई।

यह देखकर बालक को बड़ी खुशी हुई। उसके पैरों में जैसे पंख लग गये। वह कूदता हुआ घर आया और सीधे अपने पिता के पास पहुंचा।

उसे खाली हाथ आया देखकर पिता ने कहा, अरे तू फल नहीं लाया ?

लड़का बोला, पिताजी, मैं लाया हूं, किन्तु फल नहीं, अमर फल लाया हूं।

थोड़ा रुककर लड़के ने सारा हाल कह सुनाया, फिर बोला, पिताजी, मैं फल ले आता और हमलोग उन्हें खा लेते तो उससे हमें किमना लाभ होता ? लेकिन उस आदमी को खाना मिल जाने से उसके पेट की ज्वाला शान्त हो गई। इससे बढ़कर आनंद की बात हमारे लिए क्या हो सकती है। पिता ने गद्गद् होकर बेटे को सीने से लगा लिया। ऐसी संतान पर किसी भी पिता को गर्व हो सकता था।

## आपका पत्र मिला

### रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया। पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है। बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे।

एक नागरिक
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# नवरात्र पूजा के लिए ऐसे तैयार हों सुहागिनें

## मेकअप और स्टाइलिंग के आसान तरीके

कोई नवरात्रि में देवी मां की कृपा प्राप्त करना चाहता है। नवरात्र में सुहागिन महिलाओं को नए कपड़े पहनना, सजना-संवरना बेहद जरुरी माना हर जाता है। जो लोग नए वस्त्र और श्रृंगार करती हैं, उनसे मां दुर्गा काफी प्रसन्न रहती है। इसलिए आपको नवरात्रि के नौ दिनों तक सजना-संवरना चाहिए। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे नवरात्रि पूजा के लिए तैयार हो।

अगर आप मंदिर जा रहे हैं, तो कैसे रेडी हो। चलिए आपको कुछ फैशन और मेकअप टिप्स बताते हैं जिन्हें आप फॉलो कर सकते हैं।

**ट्रेडिशनल आउटफिट पहनें**

नवरात्र में पूजा-पाठ के लिए पारंपरिक कपड़े पहनना बेहद जरुरी है।

सुहागिन महिलाएं साड़ी पहनकर सबसे सुंदर दिख सकती है। आप चाहे तो सूट भी पहन सकती है। रेड, नारंगी, ग्रीन, येलो जैसे शिड्स के साड़ी या फिर सूट पहन सकती है, क्योंकि इन शेड्स के कपड़े काफी सुंदर और वाइब्रेंट नजर आते हैं। अब दिन के हिसाब से भी कपड़ों के रंगों का चयन कर सकते हैं।

**मिनिमल ज्वैलरी पहनें**

हैवी ज्वैलरी आपके लुक को खराब कर सकते है।

इसलिए आप मिनिमल ज्वैलरी पहन सकती हैं। इससे आपका लुक बेहद ही प्यारा आएगा और आप स्टाइलिश नजर आएंगी।

नवरात्र में सुहागिन महिलाओं को ज्वैलरी वियर करनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर मंगलसूत्र, अंगूठी, चूड़ियां, पायल, बिछिया, झुमके आदि। यह आपके लुक को बेहतरीन बना देंगे।

**लाइट मेकअप करें**

आपका आउटफिट का लुक मेकअप पर डिपेंड होता है। इसलिए ज्यादा मेकअप करने से बचें। ग्लोइंग और लाइट मेकअप ही करें। फाउंडेशन का यूज न करें, इसके जगह आप टिंटेड मॉइश्चराइजर या बीबी क्रीम लगा सकते हैं। इसके साथ ही लिपस्टिक, लाइट काजल, लाइट आईशैडो और हल्का ब्लश लगा सकते हैं। आप चाहे तो हाईलाइटर का यूज कर सकते हैं। बिंदी और सिंदूर आपका लुक पूरा कंप्लीट कर देगा।

**बनाएं सुंदर-सा हेयरस्टाइल**

पूजा के लिए परफेक्ट लुक क्रिएट करने के लिए हेयर स्टाइल का रॉल बेहद काम साबित हो सकता है। आप सिंपल ब्रेड या मेसी बन साड़ी-सूट पर शानदार लुक प्रदान करेगा। आप चाहे तो गजरा लगा सकते हैं।

ताजे फूलों को भी बन में लगा सकते हैं, जिससे आपको लुक खिलकर आएगा। आप चाहे तो गजरा लगाकर चोटी भी बना सकती हैं। अगर आपके हेयर एक्सेसरीज हैं, तो इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# नव दुर्गा की ध्यान मुद्राए



**- रघोत्तम शुक्ल**




**1-शैलपुत्री-** भाल बाल शशि,कमल वाम कर,शोभित दाएं हाथ त्रिशूल।
वृषभ सवार करूँ वंदन मैं,पाने हित फल शुभ अनुकूल।।

**2-ब्रह्मचारिणी-** लिये दाहिने कर जप माला,तथा कमण्डलु है कर वाम।
परम तपस्विनि,ब्रह्मचारिणी माता शोभित ललित ललाम।।

**3-चंद्रघण्टा-** घण्टा सदृश अर्द्ध शशि शिर पर,काया सुन्दर स्वर्ण समान।
शस्त्र धरे दश भुजा रणोद्यत,वीर केसरी जिनके यान।।

**4-कूष्माण्डा-** अमृत कलश लिये कर रवि सी देवि लिये आभा भरपूर।
नमन मातु हे कूष्माण्डा अब,करिये सब बाधाएं दूर।।

**5- स्कंदमाता-** सिंह पीठ असवार बिठाये कार्तिकेय को अपनी गोद।
दो हाथों में कमल शुभंकर,बसिये मॉ! मम हृदय समोद।।

**6-कात्यायनी-** चंद्रहास तलवार लिये कर,श्रेष्ठ सिंह पर जो असवार।
कात्यायनी मातु को नत हूँ,करतीं असुर वृंद संहार।।

**7-कालरात्रि-** श्याम मेघवर्णी अति दिव्या,खुले केश दाढ़ें विकराल।
गर्दभ यान,पयोधर उन्नत,विद्युत्कांति अधर हैं लाल।।
मले तेल तन पर,कर धारे कमल,अमोघ कठिन करवाल।
सकल सिद्धिदायिनि कृपालु मॉ कालरात्रि को हूँ नतभाल।।

**8-महागौरी-** श्वेत वृषभ आसीन परम शुचि,पहने श्वेत वस्त्र सु-पुनीत।
शुभकारिणि जन हेतु;सदा जो महादेव के मन की मीत।।

**9-सिद्धिदात्री-** सेवक जिनके अमर असुर,गंधर्व यक्षगण सिद्ध महान।
वे मॉ नवम् सिद्धिदा सारी करें सिद्धियॉ हमें प्रदान।।

**नोट-**आप चाहें तो नवरात्र में प्रतिदिन एक माता की फोटो सहित एक पद्य डाल सकते हैं।ये पद्य शास्त्रोक्त ध्यान मंत्रों के हिंदी रूपांतर हैं।

# प्रकृति की नन्ही दूत है चिड़िया

## 20 मार्च विश्व गौरैया दिवस पर विशेष

विश्व गौरैया दिवस नन्ही घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित

**- रमेश सर्राफ धमोरा**

पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और ध्यान की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है। गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है।



जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतायत से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है।

आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती। कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भाग दौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है। बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके।

गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है। क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है। जानकारो का कहना हैं कि यह चिड़िया शांति और सदभावना का संदेश लेकर आती है।

# ईद से पहले चेहरे पर लाना है निखार, तो अपनाएं ये टिप्स

ईद का दिन हर किसी के लिए बेहद खास होता है। रमजान का महीना बीतने के बाद आखिरी दिन ये त्योहार मनाया जाता है। इस दिन के लिए काफी-काफी दिन पहले से तैयारी शुरू हो जाती है। घरों में लोग पकवान बनाते हैं, और अपने घर को भी खासतौर पर सजाते हैं। ईद के दिन हर कोई नए कपड़े पहनता है, जिसके लिए पहले से शॉपिंग शुरू कर दी जाती है। अगर महिलाओं और लड़कियों की बात करें तो हर त्योहार में उनका उत्साह देखने को मिलता है। ऐसे में अगर आप चाहती हैं, कि ईद के दिन आपका चेहरा खिला-खिला दिखे तो आज के इस लेख में हम आपको कुछ स्किन केयर टिप्स बताने जा रहे हैं। इन टिप्स को अपनाकर आपका चेहरा भी खिल उठेगा। इन टिप्स को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। तो आइए देर न करते हुए आपको भी इन टिप्स के बारे में बताते हैं।



**फेशियल-** ईद के पहले चेहरे का ग्लो बरकरार रखने के लिए आप फेशियल करा सकती है। अगर पार्लर जाने का समय नहीं है तो घरेलू चीजों के इस्तेमाल से आप घर पर ही फेशियल कर सकती हैं। फेशियल से आपकी त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिस वजह से त्वचा भी खिली-खिली रहेगी।

**चेहरे को दिन में दो बार धोएं**

चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए त्वचा को दिन में दो बार सही तरह से साफ जरूर करे। इसके लिए किसी अच्छे फेसवॉश का इस्तेमाल करें। ताकि इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे की त्वचा सही तरह से साफ हो जाए।

**स्क्रब है जरूरी**

चेहरे की डेड स्किन निकालने के लिए स्क्रब बहद जरूरी है। इसके लिए आपको स्क्रब के होममेड पैक आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। अगर आप बाजार वाले स्क्रब का इस्तेमाल नहीं करना चाहतीं, तो इसके लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लगाएं फेस पैक**

अगर आपको घरेलू चीजों के इस्तेमाल पर ज्यादा भरोसा है, तो घर पर ही फैस पैक तैयार करके आप इसका इस्तेमाल कर सकती है। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

# धूप से झुलस गई है त्वचा, तो इस तरह करें देखभाल

आमतौर पर गर्मियों में सनबर्न की समस्या ज्यादा होती है, क्योंकि सूर्य की तेज किरणें त्वचा को झुलसा देती हैं। इससे आपकी स्किव खराब हो जाती है। सनबर्न को रिमूव करना आसान नहीं होता। हम आपको इस लेख में 10 आसान घरेलू नुस्खे बताएंगे, जो आपकी सनबर्न की समस्या में राहत देंगी। सबसे पहले आप गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थ का सेवन करें, इससे आपकी त्वचा



हाइड्रेटेड रहे और उसमें रुखापन न आए। आप पानी के साथ-साथ, जलजीरा, आमपना, शिकंजी आदि का सेवन करें। त्वचा को अंदरुनी और बाहर दोनों ही तरफ से आपको हाइड्रेटेड रखना चाहिए। इसके लिए आप एलोवेरा जेल, कोकोनट वॉटर, गुलाब जल आदि को टोनर की तरह चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे स्किन हाइड्रेटेड और मॉइश्चराइज्ड रहती है। त्वचा पर मुल्तानी मिट्टी और चंदन का लेप भी लगा सकते हैं। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो इस लेप में शहद भी मिक्स कर सकते हैं। ऑयली त्वचा वालों को मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल मिक्स करना चाहिए। गर्मियों में आप दही और बेसन का स्क्रब भी चेहरे पर लगा सकते हैं। दोनों ही बहुत अच्छे एक्सफोलिएटर हैं और त्वचा की डेड स्किन को रिमूव करने की क्षमता को रखता है। आप चेहरे पर खीरे का रस भी लगा सकते हैं। इससे विटामिन-सी होते है, जो त्वचा के दाग-धब्बों को कम करता है और स्किन को गहराई तक साफ करता है। खीरे का रस लगाने से त्वचा को ठंडक और ताजगी भी आती है।

# इस तरह खुद से करें नेल आर्ट

आजकल नेल आर्ट का हर लड़की को बेहद शौंक है। नेल आर्ट की मदद से ना सिर्फ आपके हाथ खूबसूरत लगते हैं बल्कि आपकी पुरी लूक इससे बदल जाती है। लेकिन हमेशा पार्लर जाकर नेल आर्ट करवाना काफी महंगा पड़ता है ऐसे में हम आपको आज घर पर ही बेहद आसान तरीके से नेल आर्ट करने के कुछ खास तरीके बताएंगे जिससे आप भी घर पर अपनी पसंद की नेल आर्ट कर सकती हैं। **नेलपेंट रिमूवर :** नये नेल आर्ट को बनाने के लिए पुराने वाले को हटाना भी जरूरी होता है। इसलिए इसके लिए अच्छी क्वालिटी का नेलपेंट रिमूवर रखें। जो नाखूनों की सेहत को नुकसान ना पहुंचाता हो। उम्मीद है कि नेल आर्ट के लिए ये टिप्स आपके काफी काम आएंगे। **डॉटिंग टूल :** नेल पॉलिश मोटा होने के कारण आप उससे कोई छोटी डिजाईन नहीं बना सकते।

# गुड़ी पड़वा : जहां परंपरा प्रेरणा बनती है और संस्कृति जीवित होती है

जब नई शुरुआत की पहली आहट समय के द्वार पर दस्तक देती है और



**- कृति आरके जैन**

प्रकृति मुस्कुराकर नवजीवन का स्वागत करती है, तब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का पावन प्रभात एक अलौकिक आभा लेकर अवतरित होता है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में नए सृजन, नई आशा और नए उत्साह का उज्ज्वल आरंभ है–जिसे हम गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं। स्वर्णिम किरणों के साथ जब यह दिन धरती को आलोकित करता है, तब हर आंगन में आशा की ध्वजा फहराती है और हर हृदय में नववर्ष का उत्साह उमड़ पड़ता है। यह उत्सव समय के चक्र में वह पवित्र बिंदु है, जहां अतीत का अनुभव और भविष्य की संभावनाएं एक साथ मुस्कुराती हैं।

जब इतिहास, आस्था और सृष्टि की स्मृतियां एक साथ जाग उठती हैं, तब गुड़ी पड़वा का असली महत्व सामने आता है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि उस दिव्य क्षण की याद है जब ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की। यह दिन धर्म की विजय का प्रतीक है, जहां सत्य ने असत्य पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। श्रीराम का अयोध्या आगमन हो या छत्रपति शिवाजी महाराज का स्वराज्य–हर गाथा इस दिन जीवंत हो उठती है। शालिवाहन की विजय इसे नवसंवत्सर का आधार बनाती है और यह संदेश देती है कि हर संघर्ष का अंत विजय में ही होता है। यह संगम गुड़ी पड़वा को अमर परंपरा और साहस, विश्वास की ज्योति बनाता है।

जब प्रकृति स्वयं नवजीवन के उत्सव में डूब जाती है, तब इस दिन का खगोलीय और प्राकृतिक महत्व और भी स्पष्ट हो जाता है। वसंत का पूर्ण जागरण, सूर्य की कोमल ऊष्मा और खेतों में लहराती सुनहरी फसलें इस बात की साक्षी हैं कि धरती नई ऊर्जा से भर उठी है। रबी फसलों की कटाई और नई बुआई की तैयारी इस पर्व को किसान के जीवन से गहराई से जोड़ती है। यह दिन सहज ही यह संदेश देता है कि परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है, और हर अंत अपने भीतर एक नए आरंभ की संभावना संजोए होता है। इसी कारण गुड़ी पड़वा केवल धार्मिक उत्सव नहीं रहता, बल्कि यह प्रकृति, विज्ञान और जीवनदर्शन का अद्भुत संगम बन जाता है।

गुड़ी पड़वा का सबसे जीवंत रूप गुड़ी की स्थापना में दिखाई देता है, जो विजय और समृद्धि का प्रतीक है। ऊंचे बांस पर सजे रेशमी वस्त्र, कडुनिंब की पत्तियां, आम के तोरण, पुष्पमालाएं और शीर्ष पर तांबे का कलश–सब मिलकर एक दिव्य ध्वज बनाते हैं। यह सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि आशा, एकता और अडिग विश्वास का संकल्प है। जब यह ध्वज पूर्व दिशा में लहराता है, तो ऐसा लगता है मानो सूर्य स्वयं इसकी आभा को नमन कर रहा हो। हर झोंका इसमें संदेश भर देता है–ऊपर उठो, आगे बढ़ो और हर परिस्थिति में विजय पाओ।

जब श्रद्धा और उत्साह घर की चौखट पर उतरते हैं, तब गुड़ी पड़वा के अनुष्ठान पूर्ण रूप में जीवंत हो उठते हैं। प्रातः स्नान के बाद परिवार मिलकर गुड़ी की स्थापना करता है, जो केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था और आनंद का उत्सव बन जाती है। रंगोली, तोरण और नए वस्त्रों में सजे चेहरे घर को दिव्य आभा से भर देते हैं। मंत्रों की गूंज, दीपशिखा की उज्ज्वल लौ और धूप की सुगंध इस अनुष्ठान को सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और जीवन में मंगल की कामना का शक्तिशाली माध्यम बना देती हैं।

जब स्वाद में भी परंपरा की आत्मा बसती है, तब यह उत्सव और भी पूर्ण हो उठता है। गुड़ी पड़वा के पारंपरिक व्यंजन केवल भोजन नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का संदेश हैं। कडुनिंब की कड़वाहट और मिठास का संगम यह सिखाता है कि जीवन के हर अनुभव का अपना महत्व है। पूरनपोली, श्रीखंड और अन्य पकवानों की सुगंध घर-आंगन में आनंद घोल देती है। यह पाक परंपरा केवल स्वाद की तृप्ति नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कृति और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है, जो हमें ऋतु के अनुरूप जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

जब समाज एक साथ उल्लास में खिल उठता है, तब गुड़ी पड़वा अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। यह पर्व केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि गलियों, बाजारों और समुदायों में जीवंत हो उठता है। नृत्य, गीत, जुलूस और पारंपरिक वेशभूषा इस दिन को रंग और उत्साह से भर देते हैं। नई शुरुआत की हलचल और सपनों की तैयारी हर ओर दिखाई देती है। आधुनिक युग में भी यह पर्व अपनी जड़ों को संजोकर नई पीढ़ी को सिखाता है कि परंपरा ही भविष्य की ऊंचाइयों की नींव है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक चेतना का प्रखर प्रतीक बनकर उभरता है।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते वसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अमावस्या तिथौ गुरु वासरे 06/54/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 28/05/ शुक्ल योग 25/17/ नाग करणे 06/54/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** विक्रंम संवत (सिद्धार्थ) प्रारम्भ। चैत्र वसंतिक नवरात्रारम्भ। कलश स्थापना। गुड़ी पडवा। गुरू अमरदास गुरुयाई दिवस। आर्य समाज स्थापना दिवस। चांद संवत्सर 2082(काल) विक्रमीय समाप्त।

**मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव व रोग से बचें। यात्रा की सम्भावनाएं बनेंगी।

**वृष :** रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। यात्रा का योग है। स्वस्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**मिथुन :** परिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा गृहपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहें प्रयास फलीभूत होगें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा।

**कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा ना करे। सम्बन्धों मे विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है।

**तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारण आय व्यय में असंतुलन पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। सम्बन्धो में निकटता आयेगी।

# सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसानों तक पहुंचे : जिलाधिकारी

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता ने पिछले माह किसान दिवस में किसानों द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण के संबंध में उपस्थित किसानों की समक्ष बताया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक जिलाधिकारी द्वारा सुना गया और कृषि क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु कड़े निर्देश दिए गए।

रतनपुरा के किसानों द्वारा शिकायत की गई की गाढ़ा ताल की सफाई कराई जाए, कुछ किसानों द्वारा शिकायत की गई कि जंगली नीलगायों द्वारा फसलों को नुकसान किया जा रहा है इसकी व्यवस्था की जाए। ग्राम पंचायत कुशमौर में क्रय केंद्र न होने की शिकायत की गई। इसी क्रम में खुखुन्दवा में सरकारी नाली पर अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने एवं नाली का निर्माण कराए जाने की भी शिकायत की गई। हथिनी से सरवा तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई।?जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तकनीक और सरकारी अनुदान का सही समन्वय आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों और अधिकारियों की आपसी समन्वय से कृषि से आय में वृद्धि होगी जनपद में ऐसे किसानों की जरूरत है जो कृषि से अपनी आय में वृद्धि किए हों जिससे जनपद के अन्य किसान प्रेरित होकर कृषि के क्षेत्र में आगे आए।?बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि से संबंधित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की और किसानों को लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ?प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिन किसानों की ई-केवाईसी लंबित है, उन्हें कृषि विभाग शिविर लगाकर पूर्ण कराए ताकि किसी भी पात्र किसान की किस्त न रुके।?आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव हेतु ड्रोन तकनीक के उपयोग की जानकारी दी गई।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण 7 कार्य दिवसों के भीतर सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद के प्रगतिशील किसानों से कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित बैंकों के माध्यम से मिलने वाले ऋण में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ?किसान राष्ट्र की रीढ़ हैं।

प्रशासन की प्राथमिकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े किसान तक बिना किसी बाधा के पहुँचे।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसानों के शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं अन्यथा की स्थिति में लम्बित शिकायतों पर किसानों द्वारा यदि पुनः शिकायत की गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के कमधेनवा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत चार ससुराल पक्ष के खिलाफ हत्या का प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, कमरौली निवासी विन्दू देवी ने थाना मधुबन पहुंचकर आरोप लगाया कि उनकी पुत्री सरिता की उसके पति व ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा हत्या कर दी गई। घटना बीते 12 मार्च को सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है, जो मृतका की ससुराल कमधेनवा गांव में हुई। मृतका की मां का आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ना के बाद उसकी हत्या की गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि विन्दू देवी के तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों में पति अमरजीत, ससुर रामभवन, सास उषा और ननद राधा शामिल हैं। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बनेगा सशक्त समाज : विमलेश




**धर्मापुर जौनपुर।** धर्मापुर ब्लॉक परिसर में बुधवार को ग्राम प्रधानों, परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों के लिए 'ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान निपुण भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने और परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओ ने ग्राम प्रधानों के माध्यम से अभिभावकों को एसएमसी, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और बालिका शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विमलेश यादव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों की स्थिति सुधारने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने आग्रह किया कि जिन विद्यालयों में शौचालय की स्थिति खराब है, वहां के प्रधानाध्यापक लिखित रूप से अवगत कराएं ताकि उन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जा सके।

वहीं, बीडीओ कृष्ण मोहन यादव ने सभी शिक्षकों को अपने-अपने विद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरिनाथ यादव ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान साहब लाल मिश्र, जयहिंद यादव, पंकज सिंह, रंजय रजक, सुधीर दत्त तिवारी, संगीता राय, रंभा देवी, अश्वनी राय, आमिल जैदी और अचल हरिमूर्ति सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### खड़िया नाला के पुनरोद्धार को लेकर टीम ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** जनपद में नदियों के पुनरोद्धार अभियान के तहत गाढ़ा ताल से जुड़े खड़िया नाला का मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्थलीय निरीक्षण किया गया।टीम ने नाले की स्थिति, जल प्रवाह, गाद जमाव व कूड़ा निस्तारण का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से सुझाव भी लिए। अधिकारियों ने जल्द ही नाले के पुनरोद्धार के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने का आश्वासन दिया।इससे भूजल स्तर, सिंचाई सुविधा और पर्यावरण संरक्षण को लाभ मिलने की उम्मीद है।

### पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** थाना मुहम्मदाबाद पुलिस ने 18 मार्च 2026 को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर धरहरा बॉर्डर पुल के पास से पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्त अंगत चौहान निवासी सुतरही उर्फ चक भोपतपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया।

### पारिवारिक बंटवारे को लेकर विवाद, महिला से मारपीट व बाउंड्री गिराने का आरोप

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में पारिवारिक बंटवारे को लेकर हुए विवाद में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी उमेश प्रताप यादव ने थाना मधुबन में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते 12 मार्च को पुरानी पारिवारिक बंटवारे की रंजिश को लेकर विपक्षीगण ने उनके व उनके परिवार के साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि इस दौरान उनकी भाभी के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही, आरोपियों द्वारा वादी की बाउंड्रीवाल को भी गिरा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों में ढोलई यादव, शिवबालक यादव, अंशा यादव, निखिल यादव, रामचन्द्र यादव, रामरती यादव व रिचा यादव शामिल हैं। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक ओम प्रकाश को सौंपी गई है और पुलिस जांच में जुटी है।

### पुरानी रंजिश में परिवार पर हमला महिला समेत पति व बच्चे को पीटा

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र के बाउडीह गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार के लोगों पर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बाउडीह निवासी सुमन देवी ने थाना मधुबन में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते 17 मार्च को सुबह करीब 7 बजे विपक्षीगण ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे, उसके पति और बच्चे को गाली-गलौज देते हुए लाठी, डंडा व बांस से मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नामजद आरोपियों में धर्मेन्द्र यादव, अनिल यादव, सुनील यादव, सुनीता देवी व तेतरी देवी शामिल हैं। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक श्यामले यादव को सौंपी गई है और पुलिस जांच में जुटी है।

### 06 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक मऊ।** इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारंटी अभियुकगण सुरेश वर्मा पुत्र स्व0 रामशरन बर्मा निवासी, मनीष बर्मा पुत्र सुरेश बर्मा निवासी कस्बा मधुबन (आर्दशनगर) थाना मधुबन रुगदी देबी पत्नी श्री किशुन निवासी मीरपुर मेढिंया मु0 दरियाबाद थाना मधुबन जनपद मऊ व थाना कोपागंज द्वारा वारंटी अभियुक्तगण मेल्हू चौहान पुत्र नन्हकू चौहान निवासी मुहम्मदपुर झझवां थाना कोपागंज,2. नौशाद अहमद पुत्र खैरुल बसर निवासी जुम्मनपुरा थाना कोपागंज,3. परमानन्द पुत्र बल्ली निवासी पुरानाकोपा थाना कोपागंज जनपद मऊ।

## बिरनो थाना क्षेत्र में दो गांवों में भीषण चोरी

**स्वतंत्र भारत बिरनो ग़ाज़ीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात दो अलग-अलग गांवों में भीषण चोरी की घटना सामने आई, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। अज्ञात चोरों ने रमदोपुर (मिर्जापुर) और जगतपुर मठिया गांव के कुल छह घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार रमदोपुर गांव में मनोज कुमार यादव, हीरालाल यादव और छोटे लाल प्रजापति के घरों में चोरों ने मुख्य दरवाजा खोलकर प्रवेश किया। घर के अंदर सो रहे लोगों पर कथित रूप से नशीला स्प्रे छिड़क दिया, जिससे वे गहरी नींद में चले गए और उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। इसके बाद चोरों ने घर में रखे सोने की चेन, कंगन, झुमके सहित अन्य कीमती जेवरात चोरी कर लिए। इसी रात पास के गांव जगतपुर मठिया में भी चोरों ने रामधीरज सिंह यादव, रविंद्र यादव और राधे सिंह यादव के घरों को निशाना बनाया। यहां चोर पीछे के दरवाजे और छत के रोशनदान को तोड़कर घर में घुसे। उन्होंने घर में रखे बक्सों को खंगालते हुए सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए और फरार हो गए। पीड़ित रामधीरज सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी के लिए धीरे-धीरे आभूषण जुटाए थे, लेकिन इस घटना से सब कुछ खत्म हो गया। वहीं मनोज कुमार यादव ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य सीमा सुरक्षा बल और सीआरपीएफ में कार्यरत हैं, फिर भी उनके घर को निशाना बनाया गया।

मामले में बिरनो थानाध्यक्ष अजय कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके का मुआयना किया है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## घर से नाराज होकर भागी किशोरी को जीआरपी ने परिजनों को सौंपा

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।गाजीपुर।** रेलवे स्टेशन गाजीपुर सिटी पर जीआरपी की सतर्कता से घर से नाराज होकर भागी एक किशोरी को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। घटना मंगलवार 17 मार्च 2026 की है। पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे बलिया के निर्देशन में हेल्पलाइन नंबर 139 से प्राप्त सूचना के आधार पर जीआरपी गाजीपुर सिटी की टीम प्लेटफार्म नंबर 1 पर खड़ी कामायनी एक्सप्रेस में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक किशोरी संदिग्ध अवस्था में अकेली बैठी मिली। महिला कांस्टेबल द्वारा पूछताछ करने पर किशोरी ने अपना नाम सोनम बिंद पुत्री सत्येंद्र कुमार, निवासी ग्राम डुमरी थाना बासडीह, जनपद बलिया बताया। उसने बताया कि मां की डांट से नाराज होकर वह घर से भागकर ट्रेन से जा रही थी। पुलिस ने उसके पास मौजूद लेडीज पर्स की तलाशी ली, जिसमें चांदी व पीली धातु के आभूषण समेत अन्य सामान बरामद हुआ।

## हाईकोर्ट के आदेश पर मदीना गांव में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**स्वतंत्र भारत, मऊ।** जनपद के घोसी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदीना में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में प्रशासन ने सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अभियान चलाया। यह कार्रवाई इलाहाबाद उच्च न्यायालय में योजित पीआईएल संख्या 2962/2025 नरेन्द्र यादव बनाम स्टेट ऑफ यू.पी. एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 11 मार्च 2026 के क्रम में की गई।न्यायालय द्वारा अधोहस्ताक्षरी को निर्देशित किया गया है कि वह दिनांक 25 मार्च 2026 को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर ग्राम मदीना, तहसील घोसी, जनपद मऊ स्थित में अवैध कब्जा सुबास यादव पुत्र लगन बालचंद पुत्र झगरू सत्येंद्र पुत्र सरजू रामभवन पुत्र सदाफल द्वारा किया गया अतिक्रमण आराजी संख्या 120 (रकबा 0.073 हे0 बंजर), गाटा संख्या 123 (रकबा 0.014 हे0 नाली) तथा गाटा संख्या 169 (रकबा 0.077 हे0 ताल) से संबंधित अद्यतन कार्रवाई की आख्या प्रस्तुत करें।उक्त आदेश के अनुपालन में जांचोपरांत नियमानुसार अतिक्रमण हटाने के लिए तहसीलदार घोसी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम में राजस्व निरीक्षक राजेश राम, मतीन खान, गौरव राय तथा लेखपाल मणिन्द्र नाथ मौर्य, शेषनाथ चौहान सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली घोसी को निर्देशित किया गया कि अभियान के दौरान पर्याप्त संख्या में उप निरीक्षक एवं महिला/पुरुष कांस्टेबल उपलब्ध कराए जाएं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

### बलात्कार की घटना कारित करके वीडियो वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मऊ।**18.03.2026 को थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 93/2026 धारा 64(1)/333/75(2)/351(3) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सत्यप्रकाश पुत्र विरेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम खानपुर थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ को अभियुक्त के घर ग्राम खानपुर मंझरिया थाना सरायलखन्सी से गिरफ्तार किया गया।

### कार की टक्कर से सास-बहू समेत तीन की मौत

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** ग़ाज़ीपुर मरदह फोरलेन पर कैधवली गांव के पास मंगलवार को मऊ की ओर जा रही एक कार ने बाइक सवारों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार तीनों लोग दूर जा गिरे और इस दौरान मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान हैदरगंज गांव निवासी बाइक चालक सतेंद्र कुमार बिजोरा गांव की राजेश्वरी देवी और उनकी बहू रिकी देवी के रूप में हुई है। तीनों एक ही बाइक से मरदह से अपने घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार मास-बहु एक दिन पहले वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर टक्कर गांव में प?ट्टीदारों से हुए विवाद के मामले में थाने आई थीं। वापस लौटते समय सवारी न मिलने पर मारने के बाद क्षतिग्रस्त कार जानरण उन्होंने सतेंद्र कुमार की बाइक से लिफ्ट ली थी। लेकिन कुछ ही दूरी पर यह सफर उनका आखिरी सफर तीनों एक ही बाइक से मरदह से लौट रहे थे अपने घर, वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर कैथवली गांव के पास हुआ हादसा बन गया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर**

पत्रांकः- 988 /1काम-सु0अ0वृ0/2025-26 दिनाँकः- 12-03-2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (II Call)**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सुलतानपुर-अमेठी वृत्त, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र0 सं0 | जिला | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य+ स्टेशनरी +जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | अमेठी | कादूनाला थौरी मार्ग से राम निहाल दुबे के पुरवा तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण का कार्य 05 वर्षीय अनुरक्षण सहित | 67.00 | 5.35 | Rs.2714.00 | 4 माह | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 अमेठी | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0 सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➢ बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 20.03.2026 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 28.03.2026 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 28.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 28.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेक प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साप्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(शैलेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अमेठी

(आदित्य कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता,
सुलतानपुर-अमेठी वृत्तलो0नि0वि0,
सुलतानपुर

उ0प्र0 248445 दिनांक- 17.03.2026 Website: www.upgov.nic.in



**कार्यालय, नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, जनपद-प्रतापगढ़।**

पत्रांक 1116 /क0गु0सिं0/प्रता0/2025–26 दिनांक 17 मार्च, 2026

**ई–निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, जनपद प्रतापगढ़ में 'वंदन योजना' के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृति कार्यों को सक्षम अधिकारी के स्वीकृतोपरान्त नीचे लिखे विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसका विवरण निम्नवत् है –

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अग्रिम धरोहर राशि 10 प्रतिशत | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 18% सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में विश्रामलय/हॉल का निर्माण कार्य | 791000.00 | 79100.00 | 944.00 | 30 दिवस |
| 2. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में सम्पर्क मार्ग हेतु सी0सी0 राडे का निर्माण कार्य | 1694000.00 | 169400.00 | 2006.00 | 30 दिवस |
| 3. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में घाट का निर्माण कार्य | 4821000.00 | 482100.00 | 5782.00 | 60 दिवस |
| 4. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में शडे का निर्माण कार्य | 2258000.00 | 225800.00 | 2714.00 | 60 दिवस |
| 5. | नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ में अवस्थित भयहरण नाथ मंदिर परिसर में इण्टरलाकिंग एवं अन्य सौन्दर्यीकरण का कार्य | 2911000.00 | 291100.00 | 3540.00 | 60 दिस |

नियम एव शर्तें:–

20- सशर्त ई–निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
21- नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई–निविदा/समस्त ई–निविदाओं को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
22- ई–निविदा शुल्क व अग्रिम धनराशि नगद/आर.टी.जी.एस. के माध्यम से खाता संख्या 53730100025352, IFSC Code-BARB0BUPGBX बड़ौदा यू0पी0 बैंक शाखा कटरा गुलाब सिहं , प्रतापगढ़ अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह प्रतापगढ़ के पक्ष में बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा, बिना धरोहर धनराशि के ई–निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
23- ई–निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 48 घंटे के अन्दर निविदा धनराशि का स्टाम्प पर ही अनुबन्ध किया जायेगा ससमय अनुबन्ध न होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
24- ई–निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी महादे य द्वारा जारी अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र T4, T5 संलग्न करना अनिवार्य होगा।
25- चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र की वैधता वांछित सीमा में ही मान्य होगी। अन्यथा निविदा न्यूनतम दरें प्राप्त होने पर निरस्त कर दी जायेगी।
26- शासनादेश संख्या–नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ई–निविदा स्वीकृति के उपरान्त ठेकेदार द्वारा नगर पचांयत कटरा गुलाब सिंह जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकरण कराना अनिवार्य हागो।
27- निर्माण कार्यों में परफार्मेस सिक्योरिटी के सम्बन्ध में पत्र संख्या–11593/नौ–5–2021–142सा/2021 नगर विकास अनभुाग–5 लखनऊ दिनाकं 07 जनवरी 2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार निविदा में निम्न दरें प्राप्त होने पर अनुपालन किया जायेगा। परफार्मेस गारन्टी की धनराशि निविदा खोले जाने की तिथि से तीन दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़ में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि उक्त समय सीमा के अन्दर परफार्मेस गारन्टी की धनराशि जमा नहीं की जाती है तब जमानत की धनराशि जमा कर ली जायेगी तथा फर्म व्यक्ति को काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही कर दी जायेगी।
28- ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न किये जाने की दशा में अनुबन्ध के अनुसार विलम्ब पर नियमानुसार अर्थदण्ड देय होगा एवं जमानत पनराशि जमा कर ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। ठेकेदार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
29- कार्यो की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पचं ायत कटरा गलुाब सिंह, कायार्लय से प्राप्त की जा सकती है।
30- कार्य हेतु ठेकेदार अथवा उनके सहयोगी द्वारा ई–निविदा इत्यादि कार्य में व्यवधान, अभद्रता, दुर्व्यवहार इत्यादि करने पर सम्बन्धित को ब्लैक लिस्टेड (काली सूची) में करते हुए प्रथम सूचना रिपार्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी।
31- ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के प्रगति के दौरान तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त कार्य स्थल का फोटोग्राफ्स कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
32- जिन ठेकेदार/फार्मों द्वारा नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़ में पूर्व में दिये गये कार्यों को समय से पूर्ण नहीं कराया गया है वे ई–निविदा में भाग नहीं ले सकते है।
33- उक्त योजना के अर्न्तगत समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन ई–निविदादाता/ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
34- किसी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।
35- नगर पंचायत में विवरण प्राप्त कर लोकार्पण पत्थर लगाना अनिवार्य होगा।
36- अपठनीय/अस्पष्ट स्कैन कॉपी टेण्डर के साथ अपलोड होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
37- ई–निविदादाता द्वारा किये गये निर्माण कार्य का अनुरक्षण एवं रखरखाव का कार्य 01 वर्ष तक जिम्मेदारी कान्ट्रेक्टर / फर्म की होगी तथा 10 प्रतिशत धनराशि गारन्टी के रूप में रोकने के उपरान्त कार्य संतोष जनक होने पर भुगतान किया जायेगा। निर्माण के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय–समय पर प्राप्त होने वाले अन्य आदेशों का पालन फर्म/कान्ट्रेक्टर को करना होगा।
38- ई–निविदा की अंतिम तिथि से पूर्व समस्त अभिलेखों की सत्यापित प्रति कार्यालय नगर पंचायत कटरागुलाब सिंह, प्रतापगढ़ में उपलब्ध कराना होगा, न उपलब्ध कराने की दशा में ई–निविदा अमान्य मानी जायेगी।
20 ई–निविदा में प्रतिभाग करने वाले समस्त ई–निविदादाताओं का सम्पर्क कार्यालय प्रतापगढ़ शहर के अन्तर्गत होना अनिवार्य है।
21. 50 प्रतिशत धनराशि शासन से अवमुक्त होने पर भुगतान किया जायेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह**
**जनपद–प्रतापगढ़।**

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का अयोध्या आगमन आज, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का आगमन कल अयोध्या में हो रहा है, जिसके चलते अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गयी है, यहां तक कि छोटे व बड़े वाहनों का प्रवेश भी बंद कर दिया गया है। अयोध्या में हिन्दी नववर्ष के पहले दिन भव्य आयोजन होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन करेंगी, उसके बाद राम मंदिर निर्माण से जुड़े दो हजार श्रमिकों को सम्मानित भी करेंगी। जिला प्रशासन ने बताया कि इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। सुरक्षा के तहत फ्लीट रिहर्सल भी किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सुबह दस बजे तक ही



प्रवेश करेंगी। उसके बाद दोपहर एक बजकर पैंतालिस मिनट के बाद मेहमानों के रामलला का दर्शन शुरू होगा। इसको देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रपति 19 मार्च को अयोध्या में आगमन होगा, जिसके तहत जनपद अयोध्या की तरफ मालवाहक वाहन, ट्रक, ट्रैक्टर, डीसीएम आदि भारी वाहन का डायवर्जन किया गया है।

उन्होंने बताया कि सुलतानपुर से आने वाले वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से गंतव्य हेतु डायवर्जन किया गया है। रायबरेली से आने वाले वाहनों को हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से डायवर्जन किया गया है। इसी तरह आजमगढ़, अम्बेडकरनगर से आने वाले वाहनों को गौहना मोड़ अम्बेडकरनगर से दोषपुर होकर तथा बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहनों को भिटरिया, रामसनेही घाट से हैदरगंज, बस्ती की ओर जाने वाले वाहनों को नवाबगंज गोण्डा की ओर से नवाबगंज जाने वाले वाहनों को लकड़मण्डी से बस्ती की ओर, गोरखपुर से वाहन को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, बलरामपुर, बइराइच, गोण्डा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहनों को टोकरामऊ से डायर्जन किया गया है। उन्होंने बताया कि कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर की रोड पर भी डायवर्जन किया गया है।

# संत-धर्माचार्यों ने किया पौराणिक रामकोट की परिक्रमा

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर संत-महंत, धर्माचार्य एवं भक्तजनों ने जय श्रीराम, सीताराम संकीर्तन संग पौराणिक रामकोट की परिक्रमा किया। परिक्रमा में गाजे-बाजे, घोड़े शामिल रहे। रथ पर भगवान श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण, हनुमान के स्वरूप विराजमान थे। जो



पूरी परिक्रमा में कौतूहल का विषय बनी रही। बुधवार को सर्वप्रथम मातगैंड़ चौराहे पर स्थित मतगजेंद्र उर्फ कोतवाल बाबा की वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन-अर्चन, आरती किया गया। तदुपरांत भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी व हनुमान के स्वरूपों की सुभव्य आरती उतारी। फिर पौराणिक रामकोट की परिक्रमा आरंभ हुई। जो सब्जी मंडी चौराहा, श्रृंगारहाट, बिड़ला धर्मशाला, रामानंदाचार्य गेट के सामने से होते हुए टेढ़ी बाजार चौराहा पहुंची। महंत मैथिलीरमण शरण, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, आरएसएस प्रांत प्रचारक कौशल, जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनन्ताचार्य, जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य, महंत वैदेहीवल्लभ शरण, अधिकारी राजकुमार दास, महंत डॉ. मिथिलेश नंदनी शरण, महंत जयराम दास वेदांती, महंत राममिलन शरण, महंत रामानुज शरण, महंत गोविंद दास, महंत उद्धव शरण, महंत महेश दास, महंत श्यामसुंदर दास, महंत वीरेंद्र दास, महामंडलेश्वर महंत गणेशानंद दास, राजेश महाराज, स्वामी गयाशरण, आचार्य सत्येंद्र दास वेदांती, महंत रामशरण दास रामायणी, महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी, महंत वीरेंद्र दास, एमबी दास, महंत रामकृष्ण दास रामायणी, महंत कामता शरण, महंत प्रियाशरण, महंत बागीश शरण, महंत बालक दास, महंत करपात्री महाराज, महंत प्रियाप्रीतम शरण, महंत सीताराम दास महात्यागी, महंत शशिकांत दास, पुजारी रमेश दास, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, डॉ. विशाल मिश्रा, वैश्य विनोद जायसवाल, खुन्नू पांडेय, वैद्य आरपी पांडेय, डॉ. दिलीप सिंह, गंगा सिंह, नारायण मिश्रा, रामनंदन दास, संत दास, मुकेश तिवारी फौजी आदि समेत हजारों लोग शामिल रहे।

# अखंड सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** रामनगरी में बजरंगबली की प्रधानतम पीठ हनुमानगढ़ी मंदिर में अखंड सुंदरकांड पाठ का भव्य शुभारंभ हुआ। मंगलवार की देरशाम संत-महंतों की गरिमामयी उपस्थिति में सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में पूजन-अर्चन पश्चात सुंदरकांड पाठ शुरु किया गया। पाठ के समापन उपरांत बजरंगबली की दिव्य आरती उतारी। उसके बाद उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया गया। संतों की उपस्थिति में शुरु होने वाला यह धार्मिक कार्यक्रम आगे हर मंगलवार को अयोध्या मंडल की अलग-अलग ग्राम सभाओं में सामूहिक रूप से आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद कुमार जायसवाल ने बताया कि अखंड सुंदरकांड पाठ आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, राष्ट्रभक्ति जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह प्रयास समाज में धार्मिक जागरण के साथ-साथ आपसी भाईचारे और एकता को भी मजबूत करेगा। आयोजन से आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिलेगा और भक्ति भाव का विस्तार होगा। सभी संतों ने हनुमानजी से समाज के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। निर्वाणी अनी के श्रीमहंत मुरली दास, सिद्धबाबा श्रीमहंत नरसिंह दास, महंत राजेश दास पहलवान, महंत आचार्य सत्यदेव दास, महंत हेमंत दास, महंत राजेंद्र दास वैद्य, महंत रामदास बालयोगी, महंत वीरेंद्र दास, संयोजक अखिलेश दास, पहलवान मनीराम दास, पुजारी जयमंगल दास, अभिषेक दास, कल्लू दास, विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, शिवम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने पोस्टकार्ड भेजकर टेट अनिवार्यता का किया विरोध



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के वैनर तले प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक पंकज यादव, ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक पंचू राम यादव ने टेट अनिवार्यता को लेकर सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए और टेट अनिवार्यता का विरोध किया। पंचू राम यादव ने कहा टेट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षको पर टेट लागू होना अनैतिक है। सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। पोस्टकार्ड अभियान में अमित यादव, कन्हैया प्रसाद, काशीराम, अनूप कुमार सिंह, अरुण सिंह, मुकेश कुमार, रमेश कुमार वर्मा, हृदय राम, अनुराग मिश्रा, हरिओम शर्मा, तरुण चंद्रा, बाबूलाल, गुलाब अहमद, अभिषेक तिवारी, जयंत कुमार वर्मा, नरेश कुमार, ओम प्रकाश यादव, महेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, जाहिदा बानो, भानु प्रताप सिंह, अमन त्रिपाठी, विजय, अनुपम मिश्र, बाबा दीन यादव सहित सैकड़ो शिक्षक शामिल रहे।

# जिलाध्यक्ष, नामित सभासदों का हुआ सम्मान



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रूदौली तहसील क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा के प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी एवं नामित सभासदों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। आयोजन रुदौली विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में हुआ। मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार तिवारी व माँ कामख्या नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल उपस्थित रहे। विधायक रामचंद्र यादव व अन्य पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी को 51 किलो की फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही सभी नामित सभासदों को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। गायिका राधा चंचल ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उत्साह जगाया। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा विकास कार्यों में तेजी आएगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुनंदन चौरसिया, तेज तिवारी, ग्राम प्रधान विक्रमा यादव, निर्मल शर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, डॉ. राधेश्याम रावत, राम प्रेस यादव, भीम सिंह, संजय जायसवाल, प्रधान रामू रावत, राम प्रताप यादव, सुरेश निषाद, राकेश तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आस्था संग निकली कलश यात्रा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के निवास स्थान सरायरासी में 19 मार्च से प्रारम्भ होने वाली नौ दिवसीय राम कथा के पूर्व बुधवार को महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण करती हुई आयोजन स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं की भागीदारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया। श्री राम जन्मभूमि के कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरि जी महाराज 19 मार्च से 27 मार्च तक राम कथा का वाचन करेंगे, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा

## जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास पर होगी नौ दिवसीय रामकथा

कि राम कथा भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। वहीं प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, बैठने और यातायात प्रबंधन के लिए वालंटियर लगातार कार्य कर रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो और कार्यक्रम सफलता से सम्पन्न हो। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, महंत राम जी शरण, मनीष दास, आशा गौड़, लक्ष्मी सिंह, प्रसून लता, एकादशी सिंह, शीतला प्रसाद सिंह, राम सेन सिंह, संजय निषाद सहित बडी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# इबादत व बरकत में वृद्धि करता है रमजान का शुक्रवार : मौलाना आसिफ रज़ा

**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** उपासना व इबादत के दृष्टिकोण से इस्लामिक कैलेंडर का सबसे महत्वपूर्ण महीना रमजान अपने तीसरे व अंतिम अशरे में चल रहा है। इस मुबारक माह का



अहम पहलू है पांच शुक्रवार का पड़ना, जो न केवल अतिरिक्त इबादत और बरकत का अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह अन्य दिनों का सरदार भी माना जाता है, जो दुर्लभ श्रेणी में आता है। जानकारों का कहना है कि यह रमजान 30 दिनों का होगा जिसमें पांच जुमा पड़ना निश्चित है। इस प्रकार रमजान महीने का आखिरी दिन कल शुक्रवार को होगा। लिहाजा ईदुल फित्र शनिवार 21 मार्च को होना तयशुदा है। पिछले 100 वर्षों में रमजान में पांच जुमे वाले वर्ष : मछलीगांव निवासी मौलाना आसिफ रजा रिजवी के अनुसार इस्लामिक कैलेंडर में चंद्र दर्शन का विशेष महत्व है। महीना 29 दिनों का होगा अथवा 30 दिनों का, यह चांद के दीदार से ही तय होता है। पिछले 100 वर्षों में रमजान में पांच जुमे वाले वर्षों की ग्रेगोरियन तिथियां ज्ञात वर्षों के आधार पर यह हैं- वर्ष 1973 में रमजान मुबारक 24 अक्टूबर से शुरू हुआ था, 1976 में 15 सितंबर से, 1984 में 19 मई से, 1989 में 08 अप्रैल से, 1992 में 30 मार्च से, 1997 में 10 जनवरी से, 2020 में 24 अप्रैल से तथा सन् 2023 में गुरुवार 23 मार्च से माहे रमजान का आगाज हुआ था, ये सभी विशेष थे क्योंकि, पांच जुमे का दुर्लभ संयोग बना था।

# नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं खून जांच शिविर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** बालाजी मेडिकोज रिकाबगंज अयोध्या द्वारा आयोजित निशुल्क परामर्श व खून जाँच शिविर का आयोजन 22 मार्च को सुबह 11.00 से 3.00 बजे तक आयोजित होने जा रहा है। जिसमें एंडोक्रोनोलाजी व डायबेटोलाजी (शुगर के स्पेशलिस्ट) चिकित्सक डा. आदर्श कुमार सोनकर एम.बी.बी.एस, (जी.एस.वी.एम, मेडिकल कॉलेज, कानपुर), एम.डी (जनरल मेडिसिन (ए.एम.यू, अलीगढ़ ), एंडोक्राइनोलॉजी (पूर्व सीनियर रेजिडेंट), सफदरजंग हॉस्पिटल, नई दिल्ली द्वारा सेवा प्रदान की जाएगी। शिविर में निशुल्क शुगर की जाँच, एच.बी.ए.1सी., थाइराइड, मोटापा, हड्डी मिनरल डिजीज, बच्चों की ग्रोथ, गैलेक्टोरिया (अविवाहित महिलाओं के स्तन से दूध स्त्राव की समस्या), गायनोकेमेक्टिया (पुरुषों में स्तन वृद्धि की समस्या), अनियमित मासिक (पीरियड्स) व हार्मोन से जुड़ी सभी प्रकार की बीमारियों का निशुल्क जांच व परामर्श किया जाएगा। शिविर का स्थान - बाला जी मेडिकोज पचेरिया मार्केट रिकाबगंज अयोध्या समय सुबह 11.00 से 3.00 तक रहेगा।

# कलश स्थापना का मुहूर्त सुबह सात बजे के बाद : रामप्रकाश

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सिद्ध पीठ श्रीराम वैदेही खड़ेश्वरी मंदिर वासुदेवघाट, अयोध्या धाम के श्रीमहंत रामप्रकाश दास महाराज ने चैत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर कहा कि



नवरात्रि का प्रत्येक दिन देवी के एक रूप को समर्पित है, जिसकी शुरुआत शैलपुत्री से होती है और सिद्धि दात्री पर समाप्त होती है। ये रूप मात्र पौराणिक पहचान नहीं हैं। ये आंतरिक विकास के चरणों का प्रतिनिधित्व करते हैं- स्थिरता, शक्ति, अनुशासन, करुणा, एकाग्रता और अंततः ज्ञान। चैत्र नवरात्रि त्योहार का इतिहास हिंदू पौराणिक कथाओं में निहित है, विशेष रूप से भगवान राम की कहानी में, जिन्होंने रावण के साथ युद्ध से पहले नौ दिनों तक देवी दुर्गा की पूजा की थी। भगवान राम की पूजा में चंडी पाठ शामिल था, जो दुर्गा सप्तशती से देवी दुर्गा की स्तुति में गाए जाने वाले श्लोकों का पाठ है। उन्होंने बताया कि आगामी 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व की शुरुवात हो रही है। जो पूरे देश में बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेगा। इन दिनों में मां भगवती की आराधना, उपासना, पूजा-अर्चना की जायेगी। पूरा वातावरण भक्तिमय माहौल में सराबोर रहेगा। इस दिन इन समयों में हम कलश की स्थापना कर सकते हैं। श्री शरण ने बताया कि उत्तरा भाद्र पद नक्षत्र में छत्र योग बन रहा है। जो अंतर्राष्ट्रीय शीर्ष नेतृत्व को गौरवांवित करेगा। साथ ही 27 मार्च दिन शुक्रवार पुनर्वसु नक्षत्र का रामनवमी सिद्धि दात्री दर्शन पूरे देश में अन्न की संपन्नता प्रदान करेगा। हम सभी साधु-संत भक्तजन बड़े ही हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में चैत्र नवरात्रि और रामनवमी का पर्व मनाकर अपना जीवन धन्य बनाएं। साथ ही पुण्य लाभ अर्जित करें।

# कांग्रेस ने पार्टी कार्यालय पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम का किया आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में पवित्र माह-ए-रमज़ान के अवसर पर रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोज़ेदारों ने शामिल होकर रोज़ा खोला और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर तथा महिला महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा के संयुक्त प्रयास से किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद आमिर ने कहा कि रमज़ान का महीना हमें सब्र, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है और इस तरह के कार्यक्रम उसी भावना को दर्शाते हैं। महिला महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा ने कहा कि



रोज़ा इफ्तार जैसे आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी रोज़ेदारों को रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह महीना हमें दूसरों की मदद करने और इंसानियत की सेवा करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष फ्लावर नकवी, जिओ हैदर, बसंत मिश्रा, अशोक कुमार राय, डी एन वर्मा, मोहम्मद बशीर, मिस्बाह उल हक, हुजैफा असलम, तारिक रुदौलवी, पंकज सिंह, मोहम्मद असलम शोएब अख्तर शेर, आरिफ अंसारी मोहम्मद इमरान बिलाल अहमद सैफ मोहम्मद शकील ताज मोहम्मद अनेक रोजेदार एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समस्या समाधान न होने पर 23 मार्च से होगी किसान महापंचायत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सोहावल तहसील प्रशासन द्वारा 22 मार्च तक समस्या समाधान न करने पर 23 मार्च को सोहावल तहसील परिसर में किसान महापंचायत की जाएगी। ज्ञातव्य है कि भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई सोहावल द्वारा 11 सूत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 16 मार्च 2026 से तहसील सोहावल के प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना चलाया जा रहा है तहसील प्रशासन समस्या समाधान करने के बजाय समस्या उलझाने में लगा है और भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी कर रहा है भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने जिला प्रशासन को पत्र देकर चेतावनी दिया है कि 22 मार्च तक समस्या समाधान न होने पर 23 मार्च को सोहावल तहसील परिसर में किसान महापंचायत की जाएगी जिला अध्यक्ष ने कहा है कि भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ हो रही बदसलूकी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा, जिला सचिव पंकज सिंह, बाबूराम तिवारी, राम अवध किसान, रामवचन भारती, जगदीश यादव, सरोज वर्मा शामिल रही।

# नवरात्रि व मां कामाख्या धाम महोत्सव को लेकर हुई बैठक, भव्य आयोजन का खाका तैयार

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** चैत्र नवरात्रि एवं मां कामाख्या धाम महोत्सव को भव्य, आकर्षक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर पंचायत मां कामाख्या सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, जिससे महोत्सव की तैयारियों को लेकर गंभीरता और उत्साह का माहौल स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि नवरात्रि और मां कामाख्या धाम महोत्सव क्षेत्र की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस वर्ष महोत्सव



को भव्यता के नए आयाम देने पर विशेष जोर दिया।वही बैठक में उपस्थित सभी ने आयोजन को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए अपने अपने सुझाव रखते हुए समन्वित प्रयासों पर विशेष बल दिया। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में यह निर्णय लिया कि मां कामाख्या धाम महोत्सव को इस वर्ष भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। बैठक में मां कामाख्या धाम महोत्सव के अध्यक्ष रविकांत तिवारी 'मोनू', थाना प्रभारी शैलेन्द्र आजाद, चौकी प्रभारी धनीराम वर्मा, अधिशासी अधिकारी (ईओ) निखिलेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राकेश तिवारी, नगर पंचायत के सभासद, विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्थानीय व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद टांडा में संदीप मांझी नामित सभासद बनाए गए, नगर में खुशी की लहर

**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद टांडा में समाजसेवी एवं भाजपा नेता संदीप मांझी को नामित सभासद बनाए जाने पर



नगर में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह समाचार मिलते ही समर्थकों, समाज के लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। संदीप मांझी का व्यक्तित्व सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में काफी सक्रिय रहा है। वे वर्तमान में भाजपा नगर मंत्री के पद पर कार्यरत हैं तथा पूर्व में कई वर्षों तक भाजपा युवा मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। इसके साथ ही वे श्री राम विवाह सेवा समिति, मुबारकपुर के अध्यक्ष तथा केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति में महामंत्री के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा में सफल होने पर दिया बधाई



**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** अकबरपुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पांच के छात्र वैभव शर्मा द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई है। मायावती वर्मा, शशिकला शुक्ला, फूलमती वर्मा, पूनम सिंह, प्रत्युष गुंजन, ज्ञान प्रकाश तिवारी, वीना सिंह तथा सीमा मिश्रा आदि शिक्षक, शिक्षिकाओं ने खुशी जताते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा पास करने वाले छात्र वैभव शर्मा, पिता मुकुट बिहारी शर्मा एवं माता साधना शर्मा को बधाई दिया है।




# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को आत्म -निर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल : डीएम



**आजमगढ़।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मेगा सीएम युवा क्रेडिट कैम्प का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा विभिन्न बैंकों एवं संबंधित विभागों के सहयोग से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा उद्यमियों एवं लाभार्थियों ने भाग लिया। मेगा क्रेडिट कैम्प के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त ऋण प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए 180 से अधिक लाभार्थियों के ऋण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई तथा लगभग 82 करोड़ रुपये के ऋण का वितरण किया गया। इन ऋणों के माध्यम से जनपद के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने, अपने व्यवसाय का विस्तार करने तथा आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से उन्हें अपने उद्यम स्थापित करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने लाभार्थियों से आह्वान किया कि वे प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं और अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनें। जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र युवा इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए ऋण स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदक के ऋण आवेदन को बिना किसी कारण निरस्त न करें, यदि आवेदन में कोई कमी हो तो आवेदक से आवश्यक अभिलेख लेकर ऋण स्वीकृति की कार्यवाही करें। कार्यक्रम में एलडीएम पवन तथा उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों एवं लाभार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के क्रेडिट कैम्प के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत तिवारी, विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, उद्यमी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाएं, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः डीएम





**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में लंबित राजस्व वादों, उनके निस्तारण की प्रगति, लेखपाल स्तर पर लंबित आख्या तथा विभिन्न राजस्व कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व वादों में लेखपाल स्तर पर लंबित आख्या को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रेषित किया जाए, ताकि वादों के निस्तारण में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम दिव्या मित्तल ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सभी पत्रावलियों में आदेश निर्धारित समयसीमा के भीतर पारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यों में शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पुराने लंबित प्रकरणों को विशेष अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारित किया जाए। जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखें और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी वीके सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर सहित सभी उपजिलाधिकारी गण आदि उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में राजस्व कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने दें।

## खबर एक नजर

### श्रीमद भागवत कथा के सफल आयोजन को लेकर की बैठक



**(पवई) आजमगढ़।** शीतला माता मंदिर पवई में धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भव्य श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में मंगलवार देर शाम शीतला माता मंदिर प्रांगण में बैठक संपन्न हुई । यह सात दिवसीय कथा कार्यक्रम विधिवत पूजा-अर्चना और कलश यात्रा के साथ शुक्रवार से प्रारंभ होगा। कथा में श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथावाचक राजेश्वर जी महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य पर विस्तार से प्रवचन किया जाएगा। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, जहां श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। शुक्रवार से प्रतिदिन शाम 6 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### किसान दिवस, डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

**बलिया।** बताया जाता है कि कृषि भवन के सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषकों के साथ-साथ किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान कृषि से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, ताकि किसानों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। बैठक की शुरुआत में जिला कृषि अधिकारी ने पिछले माह आयोजित किसान दिवस की कार्यवृत्ति से संबंधित आख्या पढ़कर सुनाई। इस पर अधिकांश किसानों ने अपनी समस्याओं के समाधान पर संतोष व्यक्त किया। किसान दिवस में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने राजकीय नलकूपों की मरम्मत, फसल क्षतिपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, नहरों की स्थिति, निजी नलकूपों की बोरिंग और उससे संबंधित अनुदान जैसी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विद्युत, नलकूप, सहकारिता, कृषि, मंडी, उद्यान, पंचायत, बाढ़ एवं नहर विभागों को निर्देशित किया कि वे जनपद के सभी विकास खंडों में निर्धारित तिथियों पर किसानों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। निजी नलकूपों की बोरिंग से संबंधित मामलों में जिलाधिकारी ने वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत बोरिंग कराने वाले सभी लाभार्थियों का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, उथली, मध्यम और गहरी बोरिंग कराने वाले उन किसानों की सूची भी तैयार करने को कहा गया, जिन्हें अब तक विद्युत कनेक्शन प्राप्त नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो और किसानों को राहत मिल सके। बैठक में उप कृषि निदेशक मनीष कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दीवानी न्यायालय परिसर में दुकानों व वाहन स्टैंड की नीलामी 30 मार्च को

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** अध्यक्ष नीलामी समिति जजी, देवरिया रवि यादव ने बताया कि माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया के आदेश दिनांक 11 मार्च 2026 के अनुपालन में दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दुकानों एवं वाहन स्टैंड की नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु 30 मार्च 2026 को अपराह्न 4:30 बजे आयोजित की जाएगी। नीलामी दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दस कक्षीय न्यायालय भवन के केंद्रीय सभागार कक्ष में नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न होगी। इसमें वाहन स्टैंड, भूजा-मूंगफली तथा लस्सी एवं शर्बत की दुकानें शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों के अधीन नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### भूतपूर्व सैनिकों के लिए दो व्यवसायिक केंद्रों का होगा आवंटन, 26 तक आवेदन

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास परिसर में भूतपूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं के स्व-रोजगार हेतु निर्मित 18 व्यवसायिक केंद्रों में से 02 केंद्रों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इन दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन पत्र 19 मार्च 2026 से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय के कार्य दिवसों में आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के लिए पात्रता में भूतपूर्व सैनिक, शहीद सैनिकों की पत्नियाँ एवं उनके आश्रित शामिल हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 26 मार्च 2026 सायं 5:00 बजे निर्धारित की गई है। निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं।

# वृहद रोजगार मेले में 1711 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह के निर्देश एवं समन्वय में जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया द्वारा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत बुधवार को राजकीय आईटीआई, सलेमपुर रोड (सोन्दा) में एक दिवसीय निःशुल्क वृहद रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। मेले में कुल 4441 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 30 कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों द्वारा 1711 अभ्यर्थियों का अपराह्न 3 बजे तक प्रारंभिक चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर/नियुक्ति पत्र एवं श्रम हितलाभ योजनाओं के चेक वितरित किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, एनएसआईसी के प्रबंधक कुमार रोहित, सेवायोजन अधिकारी गोरखपुर पवन कुमार पटेल, आईटीआई के प्रधानाचार्य के.के. राम, उप श्रमायुक्त शक्ति मौर्य तथा उद्यमी विजय कुशवाहा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। मेले के संयोजक सहायक निदेशक सेवायोजन रास बिहारी चतुर्वेदी एवं जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी, वहीं असफल अभ्यर्थियों को पुनः प्रयास कर सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। आयोजन की सफलता में सेवायोजन कार्यालय के सफीक हुसैन सिद्दीकी, गौरव कुमार, चन्द्रभूषण सिंह, शहनवाज एवं अमित रावत का विशेष योगदान रहा।

# ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता में वाराणसी ने मारी बाजी

**आजमगढ़।** खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय आजमगढ़ द्वारा ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 12 से 18 मार्च 2026 तक सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में प्रदेश की 10 उत्कृष्ट टीमें (कानपुर, गोण्डा, वाराणसी, देवरिया, फतेहपुर, मऊ, बलिया, प्रतापगढ़, सुलतानपुर एवं आजमगढ़) ने प्रतिभाग किया। समापन पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि श्री सुल्तान सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि श्री के0एम0 श्रीवास्तव सचिव जिला हैण्डबाल संघ एवं श्री मंगल प्रसाद संरक्षक जिला जिम्नास्टिक्स संघ आजमगढ़ द्वारा खिलाडियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। फाइनल मैच में वाराणसी ने आजमगढ़ को 14 रनों से पराजित कर फाइनल जीता। आजमगढ़ बनाम वाराणसी के बीच खेला गया, जिसमें वाराणसी ने पहले टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया तथा पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 149 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में खेलने उतरी आजमगढ़ की पुरी टीम ने 18.2 आवरों में आलआउट हो गयी। वाराणसी की तरफ से बल्लेबाजी में अर्पित सिंह नाबाद 29, आनन्द सिंह 25 एवं सक्षम ने 24 रनों का योगदान दिया। आजमगढ़ की तरफ से गेंदबाजी में सुनील कुमार ने 03 एवं अखण्ड प्रताप सिंह ने 03 विकेट प्राप्त किया। आजमगढ़ की तरफ से बल्लेबाजी में सौरभ ने 24 रन, अमित भगत ने 23 एवं कुलदीप कृष्णा ने 18 रनों का योगदान दिया। वाराणसी की तरफ से गेंदबाजी में आयुष 03, बृजेश ने 03 एवं अर्पित ने 02 विकेट प्राप्त किया। मैन आफ द मैच अर्पित को दिया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनिल तिवारी, भूपेन्द्र वीर सिंह, मो0 इरफान, गोविन्द यादव, आदर्श यादव, करन श्रीवास्तव, आदि लोग उपस्थित रहे। कल दिनांक 19 मार्च 2026 को जनपद स्तरीय जूनियर बालक/बालिका हाकी एवं जूडों प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।


## कार्यालय जिलाधिकारी, अयोध्या ।

पत्रांकः 126/एन०सी०/पच्चीस–नजूल अ०आ०–नीलामी–2026–27 दिनांकः 12.03.2026

**''सार्वजनिक नीलामी सूचना/इश्तेहार आम''**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–2027 **दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक** (एक वर्ष) के लिये अयोध्या में अयोध्या सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों का ठेका गोताखोरी की सार्वजनिक नीलामी खुली बोली के माध्यम से **दिनांक 24.03.2026 समय 01.00 बजे दिन** में नजूल कार्यालय अयोध्या में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति खुली बोली में भाग ले सकते हैं। बोली निम्नलिखित शर्तों के अधीन की जायेगी, जो निम्नवत् है –

01 बोली में भाग लेने के पूर्व नवीनतम हैसियत प्रमाण–पत्र व चरित्र प्रमाण–पत्र तथा नजूल विभाग से अदेयता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

02 बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति को बोली बोलने के पूर्व मु0 50,000/– (पचास हजार) रूपये अग्रिम जमानत धनराशि जमा करना होगा।

03 बोली बोलने के तत्काल बाद अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली का 25 प्रतिशत धनराशि तथा अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि नीलामी की स्वीकृति के पश्चात् जमा करना होगा, अन्यथा जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा बोली की प्रक्रिया नये सिरे से प्रारम्भ की जायेगी।

04 ठेके की स्वीकृति के उपरान्त ठेकेदार को अधिकार पत्र (ठेकानामा) निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध कराने के लिये प्रस्तुत करना होगा।

05 नजूल विभाग का बकायेदार उक्त बोली में प्रतिभाग नहीं ले सकता है।

06 नीलामी स्वीकृति/अस्वीकृति/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय के निर्णय अन्तिम होगा।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/
नजूल अधिकारी
अयोध्या।

उ0प्र0 248306 दिनांक– 16.03.2026
Website: www.upgov.nic.in


# पुलिस की पाठशाला में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**बलिया।** बताया जाता है कि दिनांक-18.03.2026 को 'शिक्षक शिवनाथ सिंह इंटरमीडिएट कालेज टोला' शिवन राय में 'अमर उजाला' के तत्वावधान में आयोजित 'पुलिस की पाठशाला' कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को कानून, सुरक्षा एवं साइबर अपराध और सड़क-दुर्घटना से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में *पुलिस उपाधीक्षक बैरिया श्री मो0 फहीम कुरैशी* सम्मलित होकर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कानून के बारे मे विस्तार से जानकारी दी । उन्होने छात्राओं से कानून के दायरे में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की जरूरत पर जोर दिया । इसी के साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें । पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्र/छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया बच्चों का जिस क्षेत्र में लगाव हो वही करें माता पिता के दबाव में कोई भी ऐसा क्षेत्र ना चुने जहां उनका मन ही न लगे तथा अपने साथियों का पूर्ण सहयोग करें, आपसी सहयोग से ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है । यदि उनके रास्तें में कोई शरारती तत्व गतिरोध करने का प्रयास करता है, तो उसका डटकर मुकाबला करें । छात्र/छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विश्व में अपने दम पर परचम लहरा रहे हैं। वह किसी से डरे नहीं । साथ ही किसी भी आपात स्थित में छात्र/छात्राओं को संचालित विभिन्न हेल्पलाईन नंबरों-112, 1090, 108, 181, 1076, 1098, 102 इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस पास के लोगों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्यवाही की जा सके । कोई भी छात्र-छात्रा सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय विशेष सतर्कता बरते तथा ऐसी कुछ भी पोस्ट वायरल न करें जिससे उन्हें और उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी हो इस दौरान इस आयोजन से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ा तथा पुलिस के प्रति दृष्टिकोण भी बदला । ऐसी पाठशालाओं के आयोजन से कानून का ज्ञान होता है। मनुष्य अपराध करने से बचता है। इससे पुलिस और जनता के बीच का डर भी दूर होगा। लोग कानून को भली भांति समझेंगें व सम्मान करते हुए अपना दायित्व निभाएंगे । जिससे हम और हमारा समाज अपराधमुक्त होगा।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेन्द्र प्रसाद सिंह, चौकी प्रभारी चांद दियर श्याम प्रकाश मिश्र के साथ शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने पुलिस अधिकारियों से सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

# गौशाला से पशु ले जाकर पालने पर मिलेगा प्रति माह 1500 रुपए



**(फूलपुर) आजमगढ़।** पशुपालन विभाग की ब्लाक सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशील में पशुपालक किसानों को गोट वैली योजना व सरकार के माध्यम से संचालित की जा रही, अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में किसानी को पशुओं में होने वाले रोग व उनके उपाय, पशुओं के रख रखाव व योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में 200 किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान पशु चिकित्साधिकारी फूलपुर डाक्टर अनिल कुमार सिंह ने पशुपालकों को कृषक बीमा योजना, गोट वैली योजना व प्रदेश सरकार के माध्यम से पशुपालकों के लिए संचालित की जा रही, अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहभागिता योजना के तहत पशुपालकों द्वारा गौ शाला से पशु ले जाकर पालने पर उनके खाते में प्रति माह 1500 रुपए दिए जायेंगे। बीमार पशुओं की सेवा के लिए एम्बुलेंस सेवा, और एंडीएलएम योजना की जानकारी दी। पशुधन प्रसार अधिकारी पलथी ने कुक्कुट पालन, बकरी पालन सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं सहित अनुदान की जानकारी दिया।

इस अवसर पर शिवशंकर, राजेश, धर्मेंद्र, सुनील कुमार सहित ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकार और ग्रामीण इलाको से आए काफी संख्या में पशु पालक मौजूद रहे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः– /2काम(बी)–गो0वृ0/25–26 दिनांक .03.2026

**ई–निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | जनपद/ खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| विधान सभा बलरामपुर | | | | | | | |
| 1 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | सेमरहना से गोसाईपुरवा सम्पर्म मार्ग का निर्माण कार्य। | 218.80 | 12.95 | 2600.00 | 12 माह | ए. |
| 2 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | पी0बी0 मार्ग किमी0 345 से खेक्सीडीह सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 218.50 | 12.95 | 2600.00 | 12 माह | ए. |
| 3 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | देवरिया रानीजोत सम्पर्क मार्ग किमी0 03 से रघुनन्दनजोत बरवलिया होते हुए सम्पर्म मार्ग का निर्माण कार्य। | 197.20 | 11.90 | 2600.00 | 12 माह | ए.बी. |
| 4 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | कल्ला भठ्ठा से चारो काफरी सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 181.30 | 11.10 | 2600.00 | 12 माह | ए.बी. |
| 5 | बलरामपुर/ निर्माण खण्ड | बालपुर तिलकपुर मार्ग से सोनपुर खैराही सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 143.60 | 9.20 | 2600.00 | 12 माह | ए.बी. |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट– http://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.03.2026 से 04.04.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 04.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 04.04.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/षर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 04.04.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलरामपुर

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 248420 दिनांक– 17.03.2026 Website: www.upgov.nic.in

# अमेरिका का ईरान पर बड़ा हमला

## होर्मुज के पास गिराया 5000 पाउंड वजनी बम



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार की तड़के ईरान पर कई बड़े हमले किए। अमेरिकी सेना ने बताया कि इन हमलों में 5,000 पाउंड (करीब

### ■ मिसाइल ठिकाने बने निशाना

2267 किलोग्राम) वजनी डीप पेनेट्रेटर बमों का इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इन हमलों में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटीय क्षेत्रों में स्थित कड़े सुरक्षा वाले मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के बयान में कहा गया कि इन ठिकानों पर मौजूद एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए खतरा बन रही थीं, इसलिए यह कार्रवाई की गई। इस बीच ईरान ने इजरायल के मध्य क्षेत्र में बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई।

**ईरान ने तेज किए अमेरिकी ठिकानों पर हमले**

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वायु रक्षा प्रणालियों ने बैलिस्टिक मिसाइलों को रोका और लड़ाकू विमानों ने ईरानी ड्रोन्स को मार गिराया। राष्ट्रीय आपातकालीन संकट और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और आधिकारिक सूचनाओं का पालन करने की अपील की है। पूरे देश में सायरन बजते हुए सुनाई दिए, जिन्हें सफल इंटरसेप्शन ऑपरेशन का नतीजा बताया गया।

**खाड़ी देशों में बजते रहे सायरन**

बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी सायरन बजने की पुष्टि करते हुए नागरिकों और निवासियों से शांत रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। कुवैत में भी सेना ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों का जवाब दे रही हैं और धमाकों की आवाजें इन्हीं इंटरसेप्शन की वजह से हैं।

# ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से किया हमला

**तेल अवीव।** ईरान ने इजरायल के मध्य इलाके पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। सीएनएन की

### ■ होर्मुज क्षेत्र में तनाव बढ़ा

रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने जानकारी दी कि रामत गन शहर में मिसाइल के टुकड़े गिरने से एक पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पैरामेडिक्स ने मौके पर पहुंचकर उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिसाइल का मलबा तेल अवीव के उत्तर में स्थित बेनी ब्रैक शहर में भी गिरा। यहां एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। हमले के बाद इजरायल के होम फ्रंट कमांड ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सेना ने कहा है कि सुरक्षा निर्देशों का पालन करने से कई जानें बची हैं। बचाव दल उन जगहों पर पहुंच गए हैं जहां मिसाइलें गिरी थीं। फिलहाल लोगों को सुरक्षित जगहों (शेल्टर) से बाहर निकलने की अनुमति दे दी गई है। लेकिन साथ ही लगातार सतर्क रहने और सुरक्षा संबंधी आधिकारिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह भी किया और भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर रहने को कहा गया है। इस बीच, इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ ऑपरेशन रोरिंग लायन तेज कर दिया है। इजरायली रायली वायुसेना ने हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्चरों और उनके ठिकानों पर कई हवाई हमले किए। सेना का कहना है कि उन्होंने उन लॉन्चरों को निशाना बनाया जो इजरायल पर हमला करने की तैयारी में थे। अब तक हिजबुल्लाह के सैकड़ों ठिकानों को नष्ट किया जा चुका है ताकि इजरायली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी

**ईरान युद्ध-घरेलू आतंकी खतरों पर हो सकते हैं कड़े सवाल**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिकारी अब संसद (कांग्रेस) की समितियों के सामने पेश होने जा रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के ये अधिकारी ईरान के साथ चल रहे युद्ध और अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे। इस सुनवाई के दौरान अधिकारियों को कई संवेदनशील मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है। ईरान के स्कूल पर हमले का देना होगा जवाब हाउस और सीनेट की खुफिया समितियों के सामने होने वाली यह गवाही मुख्य रूप से युद्ध पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है। इस हमले में 165 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी।

# ईरान युद्ध के बीच अमेरिका में गैस कीमतों में उछाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के तीसरे सप्ताह में ऊर्जा बाजार पर दबाव बढ़ने लगा है, जिससे अमेरिका में पेट्रोल की कीमतों में तेज उछाल आया है। यह

### ■ ट्रंप के लिए बढ़ी राजनीतिक चुनौती

स्थिति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए न सिर्फ रणनीतिक बल्कि घरेलू राजनीतिक चुनौती भी बनती जा रही है, क्योंकि बढ़ती महंगाई और जीवनयापन की लागत पहले से ही मतदाताओं के लिए प्रमुख चिंता का विषय है। ईरान के खिलाफ युद्ध के तीसरे सप्ताह में राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे फैसलों का सामना कर रहे हैं, जो उनके पूरे कार्यकाल को परिभाषित कर सकते हैं। हालांकि सार्वजनिक मंचों पर वे इस युद्ध को लेकर दबाव में दिखाई नहीं देते। सोमवार रात व्हाइट हाउस में एक घंटे से अधिक लंबे संबोधन में उन्होंने युद्ध के अलावा केनेडी सेंटर के नवीनीकरण, व्हाइट हाउस बॉलरूम निर्माण, वर्ल्ड कप और अन्य घरेलू मुद्दों पर भी विस्तार से बात की। बीबीसी के अनुसार ट्रंप ने सप्ताहांत फ्लोरिडा स्थित अपने रिसॉर्ट में गोल्फ खेलते हुए बिताया और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर भी सुप्रीम कोर्ट जैसे मुद्दों पर उतना ही समय दिया, जितना ईरान युद्ध पर। इसके बावजूद संकेत मिल रहे हैं कि यह युद्ध अब लंबा खिंच सकता है, जबकि ट्रंप इसे पहले ही जीत लिया गया और पूरी तरह समाप्त बता चुके थे। सोमवार को ट्रंप ने घोषणा की कि युद्ध के कारण अप्रैल की शुरुआत में प्रस्तावित चीन यात्रा को एक महीने टाल दिया गया है। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने कहा कि कमांडर-इन-चीफ के रूप में राष्ट्रति की सर्वोच्च जिम्मेदारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी की सफलता सुनिश्चित करना है।

**बढ़ती गैस कीमतें और घरेलू राजनीतिक दबाव**

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर अमेरिका के घरेलू मोर्चे पर दिख रहा है, जहां पेट्रोल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। एक महीने पहले जहां पेट्रोल की औसत कीमत 2.94 डॉलर प्रति गैलन थी, वह अब 3.72 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ऊर्जा कीमतों में लगातार वृद्धि ट्रंप के लिए गंभीर राजनीतिक खतरा बन सकती है।

**महंगाई और अफोर्डेबिलिटी एजेंडा पर असर**

अमेरिका में महंगाई दर में गिरावट के बावजूद आवास, खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें अभी भी ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें ट्रंप प्रशासन के अफोर्डेबिलिटी एजेंडा को कमजोर कर सकती हैं। क्लिफर्ड यंग के शब्दों में, यह पूरी रणनीति को पटरी से उतार सकता है।

# ईयू ने की पाकिस्तान की निंदा

## कहा- सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन



**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने काबुल में एक चिकित्सा सुविधा पर पाकिस्तानी हवाई हमले की निंदा किया। उन्होंने इसे पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष में एक घातक वृद्धि बताया है। यूरोपीय संघ ने दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय करने का आग्रह किया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि नागरिक और चिकित्सा सुविधाओं पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन करते हैं। यह बयान सोमवार रात को पाकिस्तानी हमले के बाद आया है, जिसमें काबुल के पुल-ए-चरखी इलाके में स्थित 2,000 बिस्तरों वाले ओमिद व्यसन उपचार अस्पताल को निशाना बनाया गया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यूरोपीय संघ ने कहा, नागरिकों और चिकित्सा सुविधाओं को कभी भी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि वे जेनेवा सम्मेलन सहित अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत संरक्षित हैं। सैन्य अभियानों में शामिल सभी पक्षों का दायित्व है कि वे हर परिस्थिति में इन प्रावधानों का सम्मान करें। यूरोपीय संघ ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तत्काल युद्धविराम और बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का साथ दिया।

# न्यू मैक्सिको के अमेरिकी वायुसेना बेस पर गोलीबारी

**अलमोगोर्डो।** न्यू मैक्सिको के एक अमेरिकी वायुसेना बेस पर गोलीबारी की घटना सामने के बाद हड़कंप मच गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया है। मिलिट्री अधिकारियों के अनुसार, आलामोगोर्डो के पास स्थित हॉलोमन एयर फोर्स बेस पर मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे गोली चलाने वाला हमलावर (एक्टिव शूटर) की सूचना मिलने के बाद पूरे बेस को लॉकडाउन कर दिया गया था। वहीं इस घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि इसके बाद सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और बेस सुरक्षित है। लॉकडाउन भी हटा लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल कोई खतरा नहीं है और आपातकालीन टीमें मौके पर काम कर रही हैं। फिलहाल, मारे गए और घायल हुए लोगों के नाम या घटना से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

# ईरान युद्ध के बीच ट्रंप का बड़ा बयान



**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा

### ■ कहा- नाटो की मदद की जरूरत नहीं, अमेरिका अकेला ही काफी

कि अमेरिका को ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में नाटो देशों की मदद की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य सफलता हासिल की है और वह किसी भी सहयोग के बिना भी अपने अभियान को आगे बढ़ा सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि नाटो के कई सहयोगी देशों ने अमेरिका को साफ बता दिया है कि वे ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में शामिल नहीं होना चाहते। ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस फैसले पर कोई हैरानी नहीं है। उनके अनुसार नाटो लंबे समय से एकतरफा व्यवस्था बन गया है, जिसमें अमेरिका दूसरे देशों की सुरक्षा पर भारी खर्च करता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वही देश अमेरिका का साथ नहीं देते।

**नाटो पर ट्रंप का तीखा हमला**

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका हर साल अरबों डॉलर खर्च कर नाटो देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके बावजूद जब अमेरिका को जरूरत होती है तो वही देश पीछे हट जाते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें पहले से ही लगता था कि नाटो एक वन-वे स्ट्रीट की तरह है। यानी अमेरिका अपने सहयोगियों की रक्षा करता है, लेकिन बदले में उसे वही समर्थन नहीं मिलता।

# खाड़ी देशों पर ईरान का हमला जारी

## सऊदी ने अब तक 438 ड्रोन और 36 मिसाइलें नष्ट कीं

**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 19वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी बीच सऊदी अरब ने आंकड़ा जारी कर बताया कि संघर्ष शुरू होने के बाद से उसने अब तक 438 ड्रोन और 36 मिसाइलों को रोक दिया है। सऊदी रक्षा मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि ये हमले बहुत बड़े पैमाने पर और लगातार हुए हैं। पिछले तीन हफ्तों से सऊदी हवाई सुरक्षा बल लगातार सतर्क हैं। सऊदी अरब में सबसे ज्यादा हमले पूर्वी प्रांत की तरफ हुए, जहां देश के बड़े तेल रिफाइनरी हैं। इसके बाद शैबाह के तेल क्षेत्र और रियाद से 80 किलोमीटर दूर अल-खारज में प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइलें दागी गईं। हालांकि इतने हमले और बड़े पैमाने पर नुकसान के बाद भी ईरान का कहना है कि उसका लक्ष्य केवल अमेरिकी और इजरायली सैन्य ठिकाने हैं, न कि नागरिक या आर्थिक जगहें। लेकिन खाड़ी देशों की सरकारों ने इसे नकार दिया और कई देशों ने ईरानी राजदूतों को तलब कर विरोध जताया।

**खाड़ी के अन्य देशों की स्थिति भी गंभीर**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 165 से ज्यादा मिसाइलें और 541 ड्रोन हमले हुए। कुवैत पर 97 मिसाइल और 283 ड्रोन हमला किए गए। कतर और बहरीन भी कई बार हमलों की चपेट में आए। ओमान भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहा, ईरानी ड्रोन ने उसके दुक्म बंदरगाह को निशाना बनाया।

# पाक से भरोसा उठा : अफगानिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर गहराता नजर आ रहा है। अमीर खान मुत्ताकी ने कहा है कि काबुल पर हालिया हवाई हमलों के बाद अफगानिस्तान का पाकिस्तान की कूटनीतिक मंशा पर से भरोसा पूरी तरह उठ गया है। विदेश मंत्री मुत्ताकी ने काबुल में राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई यह दर्शाती है कि वह विवादों को बातचीत से सुलझाने के बजाय बल प्रयोग का रास्ता अपना रहा है। अफगान विदेश मंत्री ने कहा कि जब तक पाकिस्तान अपनी आक्रामक कार्रवाई बंद नहीं करता, तब तक किसी भी तरह की बातचीत या समझौता संभव नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सेना ने पिछले कुछ वर्षों में कई बार अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। मुत्ताकी ने चेतावनी दी कि यह स्थिति केवल अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है।

# ऑपरेशन सिंदूर की मार से नहीं उबर पा रहा पाक

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर में कटोरा लेकर घूम रहा पाकिस्तान अभी तक ऑपरेशन सिंदूर की करारी मार से उबर नहीं पा रहा है। इसका बड़ा

### ■ धर्म और जाति नहीं, अब पैसों की लालच से युवाओं को फंसा रहा

कारण है कि भारतीय सेना की कार्रवाई ने आतंकवाद के ढांचे को बड़ा झटका दिया है, जिसका सीधा असर आतंकी संगठनों की भर्ती पर पड़ा है। पहले जहां जैश और लश्कर जैसे संगठनों में आसानी से भर्ती होती थी, अब इसमें भारी गिरावट आई है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान अब नई रणनीति के तहत युवाओं को जोड़ने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हालात पहले जैसे नहीं रहे हैं।
रिपोर्ट्स बताती हैं कि इससे पहले जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों में भर्ती आसानी से हो जाती थी। हालिया खुफिया आकलन के मुताबिक, इन समूहों में भर्ती अब लगभग 30-40 प्रतिशत कम हो गई है। इससे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अपनी रणनीति बदल दी है। अब भर्ती धर्म या विचारधारा नहीं, बल्कि पैसे के लालच पर ज्यादा आधारित है।
मीडिया रिपोर्टस में बताया गया जा रहा है कि आईएसआई अब किसी भी धर्म, जाति या विश्वास के युवाओं को भर्ती करने के लिए तैयार है। इसके लिए बड़े पैमाने पर युवाओं को ढूंढा और पैसे का लालच दिया जा रहा है। भर्ती में शामिल लोगों को उनके काम के हिसाब से 10,000 से 2,00,000 रुपये तक दिए जा रहे हैं।
खुफिया सूत्रों के अनुसार, अब आईएसआई पैसे और बेहतर जीवनशैली की लालच देकर युवाओं को आकर्षित कर रही है। इसका मुख्य निशाना छात्र और पैसे की जरूरत वाले लोग हैं, लेकिन हाल की जांच में यह भी पता चला कि अधिकतर लोग उच्च जीवन स्तर और विलासिता के लिए भर्ती हो रहे हैं।

**आईएसआई की नई रणनीति कितनी खतरनाक?**

इतना ही नहीं गौर करने वाली बात यह भी है कि आईएसआई की नई रणनीति पहले खालिस्तान नेटवर्क पर लागू की गई। पंजाब में नशे की समस्या का फायदा उठाकर युवाओं को पैसे देकर भर्ती किया जा रहा है, ताकि वे नशे के लिए पैसा खर्च कर सकें। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि यह भर्ती अभियान सिर्फ बढ़ने वाला है। इसका लक्ष्य पूरे भारत में नेटवर्क तैयार करना और आतंकवादी समूहों को लॉजिस्टिक और जासूसी सहायता देना है। सीमा इलाकों में पाकिस्तानी एजेंट सैनिकों और सैन्य ठिकानों की हरकत पर नजर रख रहे हैं। शहरों में यह भर्ती अभियान युवाओं को सरकारी और न्यायिक इमारतों, पुलिस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों की वीडियो शूटिंग के लिए भी शामिल कर रहा है। ऐसे में एक बात तो साफ हो गई है कि आईएसआई का उद्देश्य तुरंत हमला करना नहीं, बल्कि समय लेकर पूरे देश में जासूसी नेटवर्क और डेटा इकट्ठा करना है।

# बमबारी रुकी तो ही करेंगे मदद : मैक्रों



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को साफ किया कि मौजूदा युद्ध जैसी परिस्थितियों में फ्रांस होर्मुज जलडमरूमध्य की

### ■ होर्मुज पर ट्रंप की नाराजगी के बाद बोले फ्रांसीसी राष्ट्रपति

सुरक्षा में किसी भी तरह की सैन्य भूमिका नहीं निभाएगा। उन्होंने यह बयान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस अपील के जवाब में दिया, जिसमें उन्होंने सहयोगी देशों से इस रणनीतिक जलमार्ग की सुरक्षा में मदद मांगी थी।
रक्षा परिषद की बैठक में इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस इस संघर्ष का हिस्सा नहीं है और इसलिए वर्तमान हालात में जलडमरूमध्य को खोलने या सुरक्षित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब स्थिति सामान्य हो जाएगी और संघर्ष का तीव्र चरण समाप्त हो जाएगा, तब फ्रांस अन्य देशों के साथ मिलकर जहाजों को सुरक्षा देने में भूमिका निभा सकता है। इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि इस तरह के किसी भी मिशन के लिए ईरान के साथ तनाव कम करने और बातचीत की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि यह ईरान में चल रहे सैन्य अभियानों और बमबारी से पूरी तरह अलग होना चाहिए।

# ईरानी सरकारी मीडिया ने की अली लारीजानी और कमांडर सुलेमानी की मौत की पुष्टि



**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार की देर रात बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी और अली लारीजानी की मौत की पुष्टि कर दी। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। इससे पहले इस्राइल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया था कि सुलेमानी और ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को एक रात पहले मार गिराया गया। दोनों नेताओं को जनवरी में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कार्रवाई में अहम भूमिका निभाने वाला माना जाता था। इनकी मौत ऐसे समय में हुई है जब ईरान युद्ध जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। इजरायल-अमेरिका के जारी हमलों को इस्लामिक गणराज्य के लिए हाल के दशकों की सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। लारीजानी को देश के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता है, खासकर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई थी। लारीजानी पूर्व में संसद अध्यक्ष और वरिष्ठ नीति सलाहकार भी रह चुके थे। परमाणु वार्ता में भी उनकी भूमिका रही थी। जनरल सुलेमानी पर अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे, क्योंकि उन पर वर्षों से विरोध प्रदर्शनों को दबाने में भूमिका निभाने का आरोप था। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली सेना के हमलों पर कहा कि इनका उद्देश्य ईरान की सरकार को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से ईरान की जनता को अपनी स्थिति बदलने का अवसर मिल सकता है।

# शीज़ान खान हुए भावुक, छलके आंसू

**मुंबई।** ज़ी कुटुंब अवॉर्ड्स के मंच पर उस वक्त सपने, मेहनत और एक मां की अटूट हिम्मत का संगम देखने को मिला, जब 'गंगा माई की बेटियां' में सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान को अपने करियर का पहला अवॉर्ड मिला। जो पल खुशी का था, वो अचानक बेहद खास और भावुक बन गया, जब ज़ी कुटुंब टीम ने उनके लिए एक सरप्राइज़ प्लान किया। जैसे ही अवॉर्ड देने का समय आया, शीज़ान यह देखकर हैरान रह गए कि उनकी मां खुद स्टेज पर ट्रॉफी देने के लिए आ रही हैं। इस अनदेखे सरप्राइज़ ने उन्हें पूरी तरह चौंका दिया और कुछ पलों तक वो समझ ही नहीं पाए कि क्या हो रहा है। जैसे ही उन्हें एहसास हुआ कि उनकी जिंदगी का पहला अवॉर्ड उनकी मां के हाथों से मिलने वाला है, वो स्टेज पर ही भावुक हो गए। वो अपने जज़्बातों को संभाल नहीं पाए और उन्होंने बताया कि उस पल उनके दो सबसे बड़े सपने एक साथ पूरे हो गए, पहला अवॉर्ड मिलना और वो भी मां के हाथों से।

## अपनापन और खुशियां बांटने का त्योहार है ईद!

**मुंबई।** ईद उल फितर खुशियां मनाने, शुक्रगुज़ार होने और अपनेपन का त्यौहार है। इस खूबसूरत मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने बताया कि उनके लिए यह त्यौहार इतना खास क्यों है और वे इस खुशी के दिन को कैसे मनाते हैं। 'गंगा माई की बेटियां' में सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान कहते हैं, 'ईद हमेशा से मेरे लिए ऐसा त्यौहार रहा है जो परिवार, साथ होने और शुक्रिया की अहमियत याद दिलाता है। मुझे ईद की जो बात सबसे ज्यादा पसंद है, वह है इसका प्यार और एकता का भाव। यह ऐसा समय होता है जब हम रुककर सोचते हैं, शुक्रगुज़ार होते हैं और अपने आसपास के लोगों के साथ खुशियां बांटते हैं।' 'जगद्धात्री' में शिवाय का किरदार निभा रहे फरमान हैदर कहते हैं, 'रमज़ान अनुशासन, शुक्रिया और खुद को समझने का महीना है।'

# दहेज आज भी बड़ा सामाजिक मुद्दा- शुभांगी



**मुंबई।** ज़ी टीवी का लोकप्रिय शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीज़ान खान (सिद्धू) और अमनदीप सिद्धू (स्नेहा) लीड रोल में नजर आ रहे हैं, हमेशा से ही समाज के अहम मुद्दों को सामने लाता रहा है। कभी बेटे की चाहत जैसी सोच पर सवाल उठाता है, तो कभी यह दिखाता है कि लड़की होने की वजह से महिलाओं को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में चल रहे ट्रैक में 'गंगा माई की बेटियां' दहेज जैसे गहरे मुद्दे को सामने ला रहा है। कहानी में एक अहम मोड़ तब आता है, जब गंगा माई (शुभांगी लाटकर) को सहाना (सृष्टि जैन) की सास की भारी मांग को पूरा करने के लिए अपना घर गिरवी रखना पड़ता है। एक्टर शुभांगी लाटकर का कहना है कि दहेज आज भी एक बड़ा सामाजिक मुद्दा है और ऐसे हालात को निभाना एक्टर के लिए भी आसान नहीं होता। मालूम हो कि 'गंगा माई की बेटियां' रोज रात नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बाजार दर्पण

